राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात,संस्करण रविवार 18 अक्टूबर 2020 वर्ष–3, अंक –262 पृष्ठ–08 मूल्य–01 रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

## कृष्ण जन्मभूमि विवाद पर असदुद्दीन ओवैसी ने दिया भड़काऊ बयान, जानिए क्या कहा

**हैदराबाद।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर दाखिल याचिका मथुरा की एक स्थानीय अदालत ने स्वीकार कर ली है और मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी. याचिका में कृष्ण जन्मभूमि से सटे मस्जिद को हटाने की मांग की गई है. इसको लेकर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन औवैसी ने भड़काऊ बयान दिया है और कहा है कि संघ इस पर भी हिंसक मुहिम शुरू करेगी. ओवैसी ने ट्वीट किया, जिस बात से डर था, वही हो रहा है. बाबरी मस्जिद से जुड़े फैसलों की वजह से संघ परिवार के लोगों के इरादे और भी मजबूत हो गए हैं. याद रखिए, अगर आप और हम अभी भी गहरी नींद में रहेंगे तो कुछ साल बाद संघ इस पर भी एक हिंसक मुहिम शुरू करेगी और कांग्रेस भी इस मुहिम का एक अटूट हिस्सा बनेगी।

**ओवैसी ने याचिका पर पहले भी उठाया था सवाल**

इससे पहले ओवैसी ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा था कि विवाद को दोबारा जीवित करने की क्या जरूरत है? उन्होंने कहा था, प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के मुताबिक, किसी भी पूजा के स्थल के परिवर्तन पर मनाही है, ऐसा नहीं किया जा सकता. शाही ईदगाह ट्रस्ट और श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने इस विवाद का निपटारा साल 1968 में ही कर लिया था. इसे अब फिर से जीवित क्यों किया जा रहा है?'

**नवंबर 2019 में राम जन्मभूमि पर आया था SC का फैसला**

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2019 में राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद विवाद मामले में फैसला सुनाया था और अयोध्या में विवादित भूमि मंदिर निर्माण के लिए देने का आदेश दिया था. इसके बाद से मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे मस्जिदों को हटाने के लिए मांग बढ़ गई है.

# बिहार की सियासत, यूपी पर भी नजर...जानें कांग्रेस ने कौन सा दांव चला जो रिस्की तो है, मगर फायदेमंद भी हो सकता है

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है और उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने को मैदान में दमखम दिखा रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों को टिकट दिया है। कांग्रेस ने भी इन समीकरण के साथ तालमेल बनाते हुए अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं, पर इसके साथ पार्टी ने अपने परंपरागत वोटबैंक को फिर से हासिल करने के लिए जोखिम भी उठाया है। कांग्रेस के टिकट के बंटवारे पर गौर करने पर ऐसा लगता है कि अब पार्टी अपनी परंपरागत वोट बैंक को मजबूत करना चाहती है। एक तरह से देखा जाए तो भले ही अभी बिहार में चुनाव हो रहे हैं, मगर कांग्रेस की नजर बिहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पर भी है।



बिहार विधानसभा चुनाव में राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन में कांग्रेस के हिस्से 70 सीटें आई हैं। इस तरह से कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन सभी सीटों पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। टिकट बंटवारे को देखें तो पार्टी ने सबसे ज्यादा टिकट सवर्ण, उसके बाद दलित और तीसरे नंबर पर मुस्लिम को दिया है। सवर्णों में पार्टी ने 9 ब्राह्मण उम्मीदवार बनाए हैं। जबकि अनुसूचित जाति से 14 और 12 मुस्लिम उम्मीदवार हैं। ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम कांग्रेस को परंपरागत वोट रहा है। चुनाव में पार्टी इन मतदाताओं पर फोकस करेगी।

कांग्रेस ने जिस तरह से बिहार में जातीय समीकरणों और अपने परंपरागत वोट बैंक को हासिल करने के उद्देश्य से उम्मीदवार उतारे हैं, उससे लगता है कि पार्टी अब फ्रंट पर खेलना चाहती है। 12 मुस्लिम और 14 दलित उम्मीदवारों को टिकट देकर कांग्रेस ने अपने इरादे स्पष्ट

> बिहार विधानसभा चुनाव में राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन में कांग्रेस के हिस्से 70 सीटें आईं हैं। इस तरह से कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन सभी सीटों पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। टिकट बंटवारे को देखें तो पार्टी ने सबसे ज्यादा टिकट सवर्ण, उसके बाद दलित और तीसरे नंबर पर मुस्लिम को दिया है। सवर्णों में पार्टी ने 9 ब्राह्मण उम्मीदवार बनाए हैं।

कर दिए हैं कि उसकी नजर अब बिहार के साथ-साथ यूपी पर भी है।

दरअस, कांग्रेस बिहार चुनाव के साथ यूपी में भी राजनीतिक संदेश देना चाहती है। जाले विधानसभा सीट से मशकूर अहमद उस्मानी को टिकट देना इसी रणनीति का हिस्सा है। बिहार में उस्मानी को टिकट और यूपी में डॉ कफील खान की रिहाई के लिए मुहिम से साफ है कि पार्टी अब फ्रंट पर खेलना चाहती है, ताकि मुस्लिम मतदाताओं को फिर से भरोसा जीता जा सके। हाथरस मामले में कांग्रेस का अक्रामक रुख रणनीति का हिस्सा है। पार्टी को इस पूरी मुहिम का राजनीतिक लाभ मिलता या नहीं, यह तो वक्त तय करेगा। पर पार्टी यह संदेश देने में सफल रही है कि वह दलितों के मुद्दों को लेकर अक्रामक है। जबकि ऐसे मामलों में बसपा का रुख बहुत अक्रामक नहीं रहा है। समाजवादी पार्टी के हमलों में पहले जैसी धार नहीं थी।

कांग्रेस के अंदर एक बड़ा तबका मौजूदा राजनीतिक हालात में इस तरह के जोखिम लेने के खिलाफ है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि बिहार में मशकूर अहमद उस्मानी को टिकट देकर भाजपा को मुद्दा दे दिया है। अभी तक प्रचार में स्थानीय मुद्दे हावी थे, पर अब जिन्ना की एंट्री हो गई है। इन नेताओं का मानना है कि पार्टी को इस तरह के निर्णय से परहेज करना चाहिए था।

## कोलकाता की पांच मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

### ▸▸ 12 वर्षीय बच्चे सहित दो की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक पांच मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। कोलकाता के गणेश चंद्र एवेन्यू में शुक्रवार की देर रात पांच मंजिला एक आवासीय इमारत में लगी आग की चपेट में आने से 12 वर्षीय एक लड़के सहित दो लोगों की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने बताया कि इमारत से सभी लोगों को निकाल लिया गया है और अब स्थिति नियंत्रण में है। अधिकारियों के मुताबिक, इस घटना में 12 वर्षीय एक बच्चे और एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, %लड़के ने डर की वजह से इमारत की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने कुछ मिनटों के बाद दम तोड़ दिया। एक महिला का शव इमारत के बाथरूम से मिला है। इमारत में रहने वाले दो लोग भी घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित इमारत की पहली मंजिल पर आग लग गई जो ऊपरी मंजिल की ओर भी फैल गई। बोस ने संवाददाताओं से कहा, ÷सभी लोगों को बचा लिया गया है। आग नियंत्रण में है।



अब उसे ठंडा करने काम किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इमारत के अंदर फंसे लोगों को बचाने और आग बुझाने के लिए कम से कम 25 दमकल गाड़ियां और एक हाइड्रोलिक सीढ़ी लगाई गई। हालांकि, बाद में आग पर काबू पा लिया गया।

## भारत में 15 दिनों से कोरोना मामलों में 18 प्रतिशत की सबसे तेज गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में कोविड -19 मामलों और मौतों में अक्टूबर के पहले 15 दिनों की अवधि से नए संक्रमणों में 18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई जबकि मौतों में लगभग 19त्न की गिरावट आई। भारत ने इस महीने के पहले 15 दिनों में 10,55,068 कोविड -19 मामले दर्ज किए, जो कि राज्य सरकारों से मिले दैनिक आंकड़ों के अनुसार अगस्त के दूसरे हाफ के बाद 15 दिनों का सबसे कम आंकड़ा है। सितंबर के दूसरे हाफ में केस संख्या 18.4 प्रतिशत कम थी। यह लगातार दूसरा पखवाड़ा था जब कोरोना वायरस के मामलों में गिरावट देखी गई थी। पिछले पखवाड़े (16-30 सितंबर) में, जब महामारी की संख्या पहली बार गिरी थी, ताजा मामले 2.9 प्रतिशत तक गिर गए थे। अक्टूबर के पहले में,



13,474 मौतें दर्ज की गईं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि भारत कोरोना के मामले में एक अभूतपूर्व शिखर पर है। 1.5 महीने में पहली बार 8 लाख के मार्क के नीचे सक्रिय मामले गिरे हैं। शुक्रवार के आंकड़ों की बात करें तो भारत में पिछले 24 घंटों में 63,371 नए कोविड-19 मामलों और 895 मौतों की एक रिपोर्ट दर्ज हुई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की जानकारी के अनुसार कुल 73,70,469 मामलों में से 8,04,528 सक्रिय, 64,53,780 ठीक हो चुके और अब तक कुल 1,12,161 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना वायरस को लेकर अब लगातार राहत की खबर मिल रही है। वैश्विक महामारी कोविड-19 से प्रभावित दुनियाभर के देशों में कोरोना वायरस से अमेरिका के बाद भारत दूसरा सर्वाधिक प्रभावित देश है मगर सुकून की बात है कि यह प्रति दस लाख की आबादी पर कोरोना संक्रमण की चपेट में आने और इससे जान गंवाने वालों के औसत मामलों में प्रमुख राष्ट्रों से काफी पीछे है। यानी भारत में मिलने वाले कोरोना के नए मामलों और मौतों की रफ्तार अन्य देशों के मुकाबले काफी कम है। इतना ही नहीं, रिकवरी रेट के मामले में भारत दुनियाभर में सबसे आगे है।

## कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम बोले– फिर बहाल हो अनुच्छेद 370, बीजेपी ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने जम्मू-कश्मीर में फिर से धारा 370 लगाने की वकालत की है. कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा है कि मोदी सरकार के 5 अगस्त 2019 के असंवैधानिक फैसले को रद्द किया जाना चाहिए. गौरतलब है कि सूबे की पूर्व सीएम महबूबा की रिहाई के साथ ही अनुच्छेद 370 का मुद्दा एक बार फिर से सुर्खियां बटोर रहा है। चिदंबरम ने अनुच्छेद 370 हटाने को गलत करार देते हुए ट्वीट किया कि 'जम्मू-कश्मीर की मुख्यधारा की क्षेत्रीय पार्टियों का जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के लोगों के अधिकारों को बहाल करने के लिए संवैधानिक लड़ाई लड़ने के लिए एक साथ आना ऐसा घटनाक्रम है, जिसका सभी लोगों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए'



चिदंबरम ने ये भी कहा कि कि 'कांग्रेस एक बार फिर से धारा 370 बहाल करने को लेकर दृढ़ है।'

**बीजेपी ने किया पलटवार**

बीजेपीने कहा है कि राहुल गांधी पाकिस्तान की तारीफ करते हैं और चिदंबरम कहते हैं कि कांग्रेस चाहती है कि अनुच्छेद 370 वापस हो जाए. गौरतलब है कि पूर्व मंत्री के इस ट्वीट के फौरन बाद बीजेपी नेताओं ने उन पर पलटवार किया. वहीं सोशल मीडिया पर भी चिदंबरम लोगों के गुस्से का शिकार बने। सूबे के पूर्व सीएम की रिहाई के बाद शुक्रवार को जम्मू और कश्मीर के क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने बैठक की थी. वहां भी सभी ने एकसुर में केंद्र सरकार के फैसले की आलोचना की थी।

## कोविड-19 के इलाज के प्रोटोकॉल की समीक्षा करेगा भारत, WHO के अध्यन के बाद लिया फैसला

**नई दिल्ली।** भारतीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने निर्णय लिया है कि वे कोविड -19 के इलाज में इस्तेमाल किए जा रहे प्रोटोकॉल की समीक्षा करेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक बड़े परीक्षण के आए परिणाम के बाद ये फैसला लिया गया है। पता चला है कि आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं में से चार को अस्पताल में भर्ती मरीजों में घातक परिणाम कम करने में कोई लाभ नहीं मिलता है। इनमें एंटीवायरल ड्रग रेमेडिविविर, मलेरिया ड्रग हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन (एचसीक्यू), एक एंटी-एचआईवी संयोजन लोपिनवीर और रीतोनवीर और इम्युनोमोड्यूलेटर इंटरफेरॉन शामिल हैं। इनमें से पहली दो दवाएं कोरोना के मरीज के लिए लिखी



जाती हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल की समीक्षा अगले संयुक्त टास्क फोर्स की बैठक में की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता नीतीयोग सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव करेंगे। डॉ. भार्गव ने हिन्दुस्तान टाईम्स से कहा, हां, हम हमारे सामने नए सबूतों के आलोक में क्लिनिकल मैनेजमेंट प्रोटोकॉल पर फिर से गौर करेंगे। जबकि HCQ को भारत के ड्रग्स कंट्रोलर जनरल द्वारा मामूली रूप से बीमार कोविद -19 रोगियों में ऑफ-लेबल उपयोग के लिए मंजूरी दे दी गई है। आपातकालीन उपचार प्राधिकरण के तहत रेमेडिसविर को मंजूरी दे दी गई है। डब्ल्यूएचओ की सॉलिडैरिटी ट्रायल के नाम से जानी जाने वाली इस स्टडी में कहा गया है कि अब 30 देशों के 405 अस्पतालों में इन दवाओं की प्रभावशीलता पर संदेह है। डेटा यादृच्छिक किया गया था और कोविड -19 का इलाज करा रहे 11,266 वयस्कों से लिया गया था। उनमें से, 2,750 को रेमेडिसविर, 954 एचसीक्यू, 1,411 लोपिनवीर, 651 इंटरफेरॉन प्लस लोपिनवीर, 1,412 केवल इंटरफेरॉन, और 4,088 बिना किसी अध्ययन दवा के आवंटित किए गए थे। भारत भी परीक्षणों का एक हिस्सा था और इन चार दवाओं का परीक्षण किया। विशेषज्ञों का कहना है कि इस परीक्षण में कुछ महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए गए हैं। पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के संस्थापक और इस अध्यन से सह-लेखक डॉ के श्रीनाथ रेड्डी ने कहा, ÷इस परीक्षण का उद्देश्य यह देखना था कि ये दवाएं काम करती हैं या नहीं। हमने उत्तर पाया है कि ये काम नहीं करते हैं, और यह उत्तर प्राप्त करना महत्वपूर्ण था।

## ISIS के इशारे पर सोशल मीडिया के जरिए देश में आतंक फैलाने की रचते थे साजिश, अदालत ने 15 आतंकियों को सुनाई सजा

**नई दिल्ली।** आतंकी संगठन आईएसआईएस के इशारे पर भारत में संगठन का फैलाव करने के प्रयास के जुर्म में अदालत ने 15 आतंकियों को अलग-अलग सजा सुनाई है। इन दोषियों पर भारतीय मुसलमान युवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़कर देश में आतंकी गतिविधि को फैलाने की साजिश का अपराध साबित हुआ है।पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह की अदालत ने दोषी नफीस खान को दस साल की जेल की सजा सुनाई है। जबकि तीन अन्य दोषियों को सात साल की जेल की सुनाई गई है। वहीं एक दोषी को छह साल की सजा सुनाई गई है। अन्य बचे आठ दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा दो अन्य दोषियों को भी पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने इन सभी दोषियों को गैरकानूनी गतिविधि(रोकथाम) अधिनियम, आपराधिक साजिश, विस्फोटक अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

**दोषियों ने अदालत में अपना जुर्म कबूला कहा था पछतावा है–** इस मामले का रोचक पहलु यह है कि इन सभी दोषियों ने अपनी अधिवक्ता कौसर खान के माध्यम से अदालत में याचिका दायर कर अपना जुर्म कबूल लिया था। इन्होंने कहा था कि उन्हें अपने कृत्य पर पछतावा है। साथ ही याचिका में कहा था कि वह भविष्य में इस तरह की गतिविधि में शामिल नहीं रहेंगे। वहीं इनकी अधिवक्ता कौसर खान ने अदालत से आग्रह किया था कि उनके मुवक्किल मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं। सभी दोषी कम उम्र के युवक हैं। उनका पूरा भविष्य दाव पर लगा है। जबकि उनमें सुधार की संभावना है। इस याचिका में यह भी कहा गया था कि वह आदतन अपराधी नहीं हैं। वह सोशल मीडिया पर समुदाय विशेष के खिलाफ परोसी जा रही सामग्री से बहकावे में आ गए थे।

**पांच साल पहले दर्ज हुआ था मुकदमा**–यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 9 दिसंबर 2015 को दर्ज किया था। एनआईए ने जांच में पाया था कि भारत के मुसलमानों को भड़काने व उन्हें आतंकी गतिविधि में शामिल करने के लिए आईएसआईएस ने बड़ी साजिश रची है। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया गया है।यहां तक की इस आतंकी संगठन ने मुस्लिम युवाओं को आतंकी संगठन में भर्ती किया है। इसके लिए आतंकी संगठन ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लिया है। भारत के मुस्लिम युवाओं ने आईएसआईएस के बहकावे में आकर यहां जुनूद-उल-खलिफा-फिल-हिन्द नाम से आतंकी संगठन बनाया। इसमें आईएसआईएस की मदद सिरिया के आतंकी संगठन युसुफ-अल-हिन्दी ने भी की। एनआईए के मुताबिक आईएसआईएस का मीडिया प्रमुख युसुफ अल हिन्दी ने भारत के युवाओं को बहकाने की जिम्मेदारी उठाई थी।

**एनआईए ने देश के अलग-अलग हिस्सों से की गिरफ्तारी**–इस मामले में एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2016-17 में अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने बताया कि आतंकी संगठन आईएसआईएस के नेता बकर-उल-बगदादी ने वर्ष 2014 में भारत में आतंक फैलाने की साजिश रची। इसके तहत सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर आदि का इस्तेमााल किया गया। यहां मुस्लिमों के खिलाफ भारत में माहौल को लेकर पहले सामग्री परोसी गई। फिर कोड-वडिंग में भारतीय युवाओं को इस्लाम का हवाला देकर संगठन में शामिल होने के लिए पकड़ा गया। दोषी पाए गए 13 युवा देश के अलग-अलग हिस्सों जैसे मुंबई, हैदराबाद, बैंगलुरु व मैंगलुरु से गिरफ्तारियां हुई थी। इन दोषियों के पास से बड़ी तादात में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। यह सभी गिरफ्तारियां नवंबर-दिसंबर 2015 में हुईं।

**कुल 20 युवक बनाए गए थे आरोपी**–इस मामले में एनआईए ने दिसंबर 2015 में कुल 20 युवाओं को आरोपी बनाया था जिनमें से 15 को शुक्रवार को सजा हो गई।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## संवादहीनता का संकट

राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाले चंदे के संबंध में आने वाली कोई भी सूचना न केवल सुखद, बल्कि स्वागतयोग्य भी है। राजनीति में कहां से पैसा आ रहा है, इसकी पूरी सूचना देश के नागरिकों को होनी ही चाहिए। असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा रिपोर्ट न सिर्फ यह बताती है कि किसने सबसे ज्यादा कॉरपोरेट चंदा दिया, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि किसे सबसे ज्यादा चंदा मिला। आज केंद्रीय सत्ता में बैठी भाजपा को सर्वाधिक चंदा मिला है, तो आश्चर्य की बात नहीं। कॉरपोरेट की दुनिया में सत्तारूढ़ या सशक्त समूहों के साथ खड़ा होना कौन नहीं चाहता? पांच राष्ट्रीय दलों में भाजपा को सबसे अधिक 1,573 कॉरपोरेट या व्यापारिक दानदाताओं (20 हजार रुपये से अधिक) से 698 करोड़ रुपये मिले हैं। दूसरे नंबर पर स्वाभाविक ही कांग्रेस पार्टी है, जिसे 122.5 करोड़ रुपये चंदे में मिले हैं। बीजेपी को वित्त वर्ष 2018-19 में कुल 742.15 करोड़ रुपये का दान मिला है, जिसमें लगभग 698 करोड़ रुपये कॉरपोरेट की तरफ से आए हैं। भाजपा के दान में कॉरपोरेट की हिस्सेदारी जहां 90 फीसदी से ज्यादा है, तो वहीं कांग्रेस के दान में 80 प्रतिशत से ज्यादा। यह भी गौर करने की बात है कि टाटा समूह का 'प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट' देश में राजनीतिक चंदा देने के मामले में सबसे आगे है। उन तमाम कंपनियों का पता देश के लोगों को होना ही चाहिए, जो राजनीतिक दलों को चंदा दे रही हैं। इसमें कोई बुराई नहीं। राजनीतिक दलों को चंदे या सरकारी मदद की जरूरत पड़ती ही है। चूंकि हमारे देश में सरकारी मदद का प्रावधान नहीं है, इसलिए राजनीति चंदा आधारित है। पहले चंदे के बारे में बहुत साफ जानकारी नहीं हुआ करती थी, लेकिन अब कुछ संस्थाएं चुनावी चंदे या धन पर नजर रखती हैं। जनता को समय-समय पर यह पता लगते रहना चाहिए कि राजनीति में दान की क्या वस्तु-स्थिति है। एक समय था, जब राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाया जा रहा था, यदि वैसा हो पाता, तो भारतीय लोकतंत्र की चमक और ज्यादा होती। लेकिन अभी जो भी व्यवस्था है, उसमें 20,000 रुपये से ज्यादा के चंदे का हिसाब ही सामने आ पाता है, उससे कम के चंदे के बारे में पता लगाना टेढ़ी खीर है। राजनीति में आने वाले एक-एक पैसे का हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए, लेकिन राजनीतिक दलों को इसके लिए तैयार करने में अभी काफी वक्त लगेगा। अभी स्थिति यह है कि बड़ी कंपनियां सीधे अपने नाम से चंदा देना पसंद नहीं करतीं। एक अलग कंपनी, संस्था या ट्रस्ट बनाकर दान देने की परंपरा अलग ही आशंका की ओर इशारा करती है। कभी वह दिन आएगा, जब बड़ी कंपनियां और अमीर लोग सीधे अपने नाम से चंदा देंगे और लोगों को दानदाताओं को पहचानने में परेशानी नहीं होगी। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2012-13 से 2018-19 के बीच छह वर्षों में भाजपा को कुल 2,319 करोड़ रुपये, कांग्रेस पार्टी को 376.02 करोड़ और एनसीपी को 69.81 करोड़, तृणमूल कांग्रेस को 45.02 करोड़ रुपये मिले हैं। एडीआर के माध्यम से सामने आए ये आंकड़े भारतीय राजनीति की अधूरी छवि ही दर्शा रहे हैं। जब गठबंधनों का दौर है, तब केवल चार-पांच दल ही क्यों, देश के सभी सक्रिय दलों का हिसाब-किताब जनता के सामने आना चाहिए।



## आज के ट्वीट

### स्वीकार नही

फिल्म लक्ष्मी बम मैं अक्षय कुमार का नाम आसिफ है और लड़की का नाम पूजा जो हमें स्वीकार नहीं, यूट्यूब पर जाकर मूवी का ट्रेलर डिसलाइक करें मित्रों.


-- शनी देओल

# ड्रग्स : माफिया के साए में बॉलीवुड

आचार्य पवन त्रिपाठी

सुशांत सिंह राजपूत के मामले में जिस तरह से ड्रग्स का विषय अन्वेषित हुआ है, बॉलीवुड जिस तरह नारकोटिक्स माफिया के साए में फंसा हुआ है, यह पूरे देश में चर्चा का विषय है। सुशांत सिंह राजपूत की प्रेमिका रिया चक्रवर्ती और उसके भाई शोविक चक्रवर्ती तथा उनके मैनेजर, इन सबको किस तरह नारकोटिक्स ब्यूरो ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया, जिस अंदाज में जांच का दायरा करण जौहर, दीपिका पादुकोण, सारा अली खान और श्रद्धा कपूर तक पहुंचा, उससे पूरे बॉलीवुड के बारे में जानकर संपूर्ण देश अवाक रह गया। मामला संसद में गूंजा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं फिल्म स्टार रवि किशन ने मामले को लोक सभा में उठाया। रवि किशन द्वारा मामला लोक सभा में उठाए जाने के बाद जिस तरह से राज्य सभा में मशहूर अदाकार एवं समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने प्रतिक्रिया व्यक्त की, उससे विवाद ने और तूल पकड़ लिया। जया बच्चन ने रवि किशन के बारे में कहा कि वह जिस थाली में खाते हैं, उसी थाली में छेद करते हैं, निश्चित तौर पर उसकी प्रतिक्रिया होनी थी और पूरा बॉलीवुड दो खेमों में बंट गया। एक, जो ड्रग्स माफिया और ड्रग्स का सेवन करने वालों के प्रति सहानुभूति रखता था तो दूसरा, पूरे बॉलीवुड को जो ड्रग्स के चंगुल से मुक्त कराने के पक्ष में था। पूरे देश में ड्रग्स माफिया का प्रभाव है। विशेषकर पंजाब में जब पिछला विधानसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने वहां ड्रग्स के सेवन को मुद्दा बनाया तब कांग्रेस के इशारे पर अनुराग कश्यप ने 'उड़ता पंजाब' फिल्म का निर्माण किया। उस समय शिरोमणि अकाली दल के जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि 'उड़ता पंजाब' के नाम से पंजाब की अस्मिता को ठेस पहुंचाई गई। 'उड़ता पंजाब' के निर्देशक अनुराग कश्यप भी आज ड्रग्स सेवन के मामले में संदेह के घेरे में हैं, जिस तरह से उनके ऊपर पायल घोष नामक महिला ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, उससे वह भी विवाद के घेरे में हैं। ड्रग्स माफिया के बारे में नार्को ड्रग्स को लेकर पहले से भी इस देश में चिंता व्यक्त की जाती रही है। आतंकवाद की फंडिंग नार्को मनी से होती रही है, 1980 के दशक में जब अमेरिका और यूरोप बड़े पैमाने पर नशीले पदाथरे के चंगुल में आए, जब वहां पर हिप्पी कल्चर बढ़ी और हिप्पी कल्चर में जिस तरह से आध्यात्मिक ऊर्जा के नाम पर ड्रग्स के सेवन का प्रचार-प्रसार हुआ, तब अमेरिका और यूरोप ने संयुक्त राष्ट्र में दबाव बनवा कर तमाम देशों में नशीले पदाथरे को प्रतिबंधित करवाने का कड़ा कानून तैयार करवाया। भारत में भी एनडीपीएस एक्ट 1985 में बनाया गया और उसमें समय-समय पर संशोधन भी हुए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन ड्रग्स के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने के लिए हुआ। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बड़े पैमाने पर भारत में ड्रग्स को नियंत्रित करने का कार्य किया। भारत में ड्रग्स का सबसे बड़ा जरिया अफगानिस्तान और पाकिस्तान के माध्यम से होता है। इसका सबसे बड़ा उपयोग पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने बड़े पैमाने पर किया। आतंकवादियों के गोला-बारूद खरीदने और उसके भुगतान का जरिया नारकोटिक्स बनी थी। दाऊद इब्राहिम गिरोह 1980 के दशक से ड्रग्स मनी में आया, 1993 में जब बम कांड हुआ तो बम कांड के लिए सारा धन तत्कालीन तस्करों ने दिया था, टाइगर मेमन और दाऊद इब्राहिम का ड्रग्स और सोने-चांदी की तस्करी का जो गिरोह था, उसी के माध्यम से कोंकण और गुजरात के समुद्र तट से बड़े पैमाने पर हथियारों को भारत में लाया गया और योजनाबद्ध तरीके से मुंबई के 12 स्थानों पर बम धमाके कराए गए। जांच के दौरान कई कस्टम के अधिकारियों को भी धमाके को लेकर अभियुक्त बनाया गया। पूरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चाहे ओसामा बिन लादेन रहा हो, तालिबान हो, इन सबकी फंडिंग का सबसे बड़ा जरिया या तो ड्रग्स हैं, या डायमंड का अवैध व्यापार। डायमंड में भी हवाला पेमेंट के लिए डायमंड का प्रयोग किया जाता था तथा हवाला पेमेंट के जरिए ड्रग्स का कारोबार होता रहा है। जब से नरेन्द्र मोदी की सरकार केंद्र में आई, मोदी ने 2015 में ड्रग्स के बारे में राष्ट्रीय कानून बनाया और उसके कारण ड्रग्स की रोकथाम में लाभ हुआ। हॉलीवुड पूरी तरह से ड्रग्स माफिया के शिकंजे में था और उसको साफ करने के लिए अमेरिका में विशेष प्रावधान लाने पड़े, आज वही दशा बॉलीवुड की भी है। बॉलीवुड को जब तक माफिया से मुक्त नहीं कराया जाता तब तक बॉलीवुड में भारतीय संस्कार और संस्कृति को बिगाड़ने वाले कार्य ही होते रहेंगे। चूंकि इन कलाकारों को लोग अपने रोल मॉडल के रूप में देखते हैं, तो ऐसे में तमाम फिल्में ऐसी बनती हैं, जिनमें हिंदू आस्थाओं पर प्रहार होता है, भारत विरोधी गतिविधियों को समर्थन मिलता है, ये सब गतिविधियां बॉलीवुड के बाहर बैठे माफिया द्वारा संचालित होती हैं।

संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के कार्यकाल में 2005 में नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर एमके नारायणन ने स्वयं स्वीकारा था कि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज तथा बॉलीवुड में बड़े पैमाने पर दाऊद इब्राहिम और माफिया का पैसा लगा हुआ है। जिस तरह से ड्रग्स का मामला सामने आया है, उससे सिद्ध होता है कि बॉलीवुड किस तरह से ड्रग्स और माफिया के चंगुल में है। ऐसे में रवि किशन ने जो मांग की है, उसके आधार पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य जांच एजेंसियों को मिलकर ड्रग्स को पूरे तरीके से समाप्त करने की आवश्यकता है, लेकिन जिस तरह से बॉलीवुड के ही कुछ सितारे और मीडिया का एक बड़ा वर्ग ड्रग्स लेने वालों के प्रति सहानुभूति का भाव रखता है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।



## ज्ञान गंगा

### रिश्ता

रिश्ता/ हम अपने जीवन में कदम-कदम पर कई तरह के रिश्ते बनाते रहते हैं, लेकिन हम हर रिश्ते को खबसूरत नहीं बना पाते। आखिर क्या करें उन्हें खूबसूरत बनाने के लिए? जीवन में आप कई तरह के रिश्ते बनाते व निभाते हैं। पड़ोसी, दोस्त, पत्नी, पति, बच्चे, माता-पिता, बहन-भाई, प्रेमी और एक-दूसरे से नफरत करने वाले भी होते हैं, ये सब रिश्ते हैं। मूल रूप से, आपके जीवन में ये सभी रिश्ते इसलिए हैं क्योंकि आपको कुछ जरूरतें पूरी करनी हैं- शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक, आर्थिक आदि। आप अपनी जरूरत के अनुसार एक निश्चित संबंध बनाने की कोशिश करते हैं। अगर वह जरूरत पूरी नहीं होती, तो वह संबंध भी नहीं बन सकता। एक ऐसे अनुभव के साथ जीने का तरीका भी मौजूद है, जिसमें आप रिश्तों के बिना भी जी सकते हैं। एक व्यक्ति भीतर से इतना पूरा हो कि उसे दूसरे के होने या न होने से अंतर न पड़े। पर इस समय ज्यादातर लोगों के लिए उनके संबंधों की गुणवत्ता ही उनके जीवन की गुणवत्ता को तय करती है। इसलिए यह देखना जरूरी है कि कहीं भी, कभी भी हम अपने रिश्तों को खूबसूरत कैसे बना सकते हैं। आप बात को इस तरह से समझें-कि आप कई तरह के रिश्ते जोड़कर खुद को खुश करना चाह रहे हैं। आप दोस्त बनाते हैं, आप विवाह करते हैं, संतान पैदा करते हैं, आप कारोबार शुरू करते हैं- क्योंकि आपको लगता है कि कहीं-न-कहीं ऐसा करने से आपको खुशी मिलेगी। आपने खुशी पाने की चाह में ही ये सारे रिश्ते जोड़े हैं। दूसरे शब्दों में, आप दूसरे लोगों से अपने लिए खुशी निचोड़ना चाहते हैं। जब आप ऐसा करने लगते हैं तो आपके रिश्ते हमेशा के लिए समस्या बन जाते हैं। आप उसके बिना रह नहीं सकते, और आप उसके साथ भी नहीं रह सकते। आपके भीतर खुशी का भाव ही नहीं है, और आप इसे दूसरे से पाना चाह रहे हैं और वह इंसान इसे आपसे पाना चाह रहा है। तब तो यह पक्के तौर पर एक जंग बन जाएगी। अगर संबंध को सही मायने में सुंदर बनाना है तो यह जरूरी हो जाता है कि इंसान किसी दूसरे को देखने से पहले, अपने भीतर देखे। अगर आप खुद ही आनंद का सोत होंगे और आपका संबंध भी उस आनंद को बांटने के लिए होगा, न कि किसी से आनंद निचोड़ने के बारे में-तब दूसरों के साथ आपके संबंध अद्भुत होंगे।




# सीमा पर तैनाती बढ़ाएगी सेना का मनोबल




एल.एस. यादव

भारत और चीन के मध्य एलएसी पर जारी तनाव के बीच भारत लगातार मिसाइलों के परीक्षण कर रहा है। अप्रैल-मई से लेकर अब तक भारत ने चार मिसाइलों के टेस्ट किए हैं। इनमें से एक निर्भय मिसाइल को एलएसी पर तैनात कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एलएसी पर तकरीबन छह माह से तनाव चल रहा है। किसी भी यौद्धिक स्थिति से निपटने के लिए भारत ने चीन सीमा के नजदीक लद्दाख में अपनी स्वदेश निर्मित क्रूज मिसाइल की तैनाती कर दी है। अब भारत चीन के तिब्बत स्थित ठिकानों को आसानी से निशाना बना सकेगा। इस मिसाइल की क्षमता अमेरिका की प्रसिद्ध टॉमहॉक मिसाइल के बराबर है। यह दो चरणों वाली मिसाइल है। यह पहले पारम्परिक रॉकेट की तरह सीधा आकाश में जाती है और फिर दूसरे चरण में क्षैतिज उड़ान भरने के लिए 90 डिग्री का मोड़ लेकर अपने लक्ष्य को निशाना बनाती है। भारत की प्रथम स्वदेश निर्मित परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम सुपरसोनिक क्रूज एवं लम्बी दूरी तक मार करने वाली निर्भय मिसाइल का प्रथम परीक्षण 12 मार्च, 2013 को हुआ था। इसके बाद दूसरा परीक्षण 17 अक्तूबर, 2014 को किया गया जो कि सफल रहा था। तीसरा परीक्षण 16 अक्तूबर, 2015 को किया गया था। इस परीक्षण में यह मिसाइल 128 किलोमीटर की उड़ान तय करके अपने अगले हिस्से के बल पर बंगाल की खाड़ी में गिर गई थी। दिसम्बर, 2016 में इस मिसाइल का चौथा परीक्षण किया गया जो कि असफल रहा था। इस परीक्षण के दौरान निर्भय को दागने के बाद दूसरे चरण में इसके विंग्स में दिक्कत आ गई थी। इन खामियों की वजह से 21 दिसम्बर, 2016 का परीक्षण विफल हुआ था। इसके बाद इसकी तकनीकी खामियों को दूर करके सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल निर्भय का 7 नवम्बर, 2017 को सफल परीक्षण किया गया। इस मिसाइल की मारक क्षमता 1000 किलोमीटर से भी ज्यादा है। निर्भय मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अपने दम पर बनाया है। निर्भय एक अलग प्रकार की मिसाइल है। इस मिसाइल में धीमी गति से आगे बढ़ने, बेहतरीन नियंत्रण एवं दिशा निर्देशन, सटीक परिणाम देने तथा राडारों से बच निकलने की क्षमता है। यह मिसाइल ठोस रॉकेट मोटर बूस्टर से सुसज्जित है। इसमें टर्बो-फैन इंजन लगा है जो इसे आगे बढ़ाता है। इस मिसाइल की परिचालनगत मारक क्षमता 750 से 1000 किलोमीटर तक है। यह 200 से 300 किलोग्राम तक के आयुध ले जा सकती है। डीआरडीओ के वैज्ञानिकों के मुताबिक यह मिसाइल रॉकेट से विमान और उसके पश्चात मिसाइल में तबदील हो जाती है। लॉन्च करने के बाद निर्भय मिसाइल का रॉकेट मोटर बन्द हो जाता है और पंख बाहर निकल आते हैं। उड़ान के रास्ते को स्थिर करने के लिए निर्भय में अति आधुनिक कंप्यूटर लगाए गए हैं। इस मिसाइल की विशेषता यह है कि कम ऊंचाई पर भी यह उड़ान भर सकती है। यह शत्रु के राडार में दिखाई नहीं देती। निर्भय मिसाइल लक्ष्य के नजदीक पहुंचने के बाद सटीक अवसर आने पर लक्ष्य को तबाह करती है। ब्रह्मोस मिसाइल से तीन गुना से भी ज्यादा दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल निर्भय का विकास एवं प्रणोदन प्रणाली का डिजाइन डीआरडीओ ने तैयार किया है। इस चरण तक पहुंचने के बाद इसका प्रदर्शन किया गया। यह दो चरणों वाली मिसाइल है। बूस्टर इंजन के द्वारा इसके पहले चरण को जमीन से छोड़ा जाता है। अमेरिका की टॉमहाक मिसाइल का जवाब मानी जाने वाली निर्भय मिसाइल आवाज से कम गति पर चलने वाली एक सब सोनिक क्रूज मिसाइल है। धरती से सटकर चलने वाली यह मिसाइल दुश्मन की निगाह से बचकर हमला करती है। इस मिसाइल का प्रहार एकदम सटीक होता है। यह काफी लम्बे समय तक हवा में रह सकती है। लक्ष्य तक बढ़ने के लिए इसके भीतर ही एक विशेष सिस्टम लगा है। यह अनेक तरह के वारहेड्स ले जा सकती है। यह अत्याधुनिक किस्म की बहुपयोगी क्रूज मिसाइल है, जिसे जल, थल और आकाश में सभी तरह के प्लेटफार्म से हर मौसम में दागा जा सकता है। इसे तीनों सशस्त्र सेनाओं की जरूरतों के मद्देनजर तैयार किया गया है। यह मिसाइल एक साथ कई लक्ष्यों से निपट सकती है और कई लक्ष्यों के बीच में किसी खास लक्ष्य के चारों तरफ घूमकर उस पर हमला करने में सक्षम है। यह भारत की सामरिक मजबूती का एक विशेष कदम है। इस तरह भारत अपनी सबसे भरोसेमन्द क्रूज मिसाइल निर्भय की तैनाती के बाद चीन से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो गया है।

# आज का राशिफल

**मेष** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा में अपने बहुमूल्य सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। भाई या पड़ोसी का सहयोग रहेगा।

**वृषभ** व्यावसायिक योजना सफल होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। त्वचा उदर या वायु विकार की संभावना है। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मिथुन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किया गया प्रयास सफल होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। परिश्रम अधिक करना होगा।

**कर्क** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नए अनुबंध प्राप्त होंगे। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**सिंह** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**कन्या** व्यावसायिक व पारिवारिक योजना सफल होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। अनचाही यात्रा या विवाद में फंस सकते हैं।

**तुला** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। रुपए पैसे के लेन देन में सावधानी अपेक्षित है। विरोधी शारीरिक या मानसिक रूप से कष्ट देंगे। पारिवारिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पिता या संबंधित अधिकारी से तनाव मिलेगा।

**वृश्चिक** पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। मैत्री संबंध में प्रगाढ़ता आयेगी।

**धनु** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। छोटी-छोटी बातों पर उत्तेजना हो सकती है। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मकर** रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। नेत्र विकार की संभावना है। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। रोग और विरोधी बढ़ेंगे। रुपए पैसे के लेन देन में सावधानी रखें।

**कुम्भ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा।

**मीन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखत व लाभप्रद होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।



## त्योहारी सीजन में खुशखबरी, कोटक महिंद्रा बैंक ने सस्ता किया होम लोन

**मुंबई:** त्यौहारी मौसम से पहले निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने शुक्रवार को आवास ऋण पर ब्याज दर घटाकर सात प्रतिशत कर दी। यह बाजार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले भारतीय स्टेट बैंक के बराबर है। निजी क्षेत्र के बैंक ने अपनी त्यौहारी पेशकश 'खुशी का सीजन' के तहत कई और पेशकश की है। इसमें ऋण पर प्रसंस्करण शुल्क से छूट और खुदरा एवं कृषि ऋण उत्पादों पर तेजी से ऑनलाइन मंजूरी शामिल है। गौरतलब है कि बैंकों और वित्तीय कंपनियों के कई प्रयासों के बावजूद ऋण वृद्धि दर कई साल के निचले स्तर पर यानी छह प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। कोटक महिंद्रा बैंक की उपभोक्ता बैंकिंग अध्यक्ष शांति एकंबरम ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर तरीके से सामान्य होने की तरफ बढ़ रही है। ग्राहकों का भरोसा और मांग लौटने के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। यह नई योजना अगले एक महीने तक रहेगी और ग्राहकों की जरूरत को पूरा करेगी।

## कोटक महिंद्रा बैंक ने आवास ऋण पर ब्याज दर घटाकर सात प्रतिशत की




**मुंबई,** त्यौहारी मौसम से पहले निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने शुक्रवार को आवास ऋण पर ब्याज दर घटाकर सात प्रतिशत कर दी। यह बाजार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले भारतीय स्टेट बैंक के बराबर है। निजी क्षेत्र के बैंक ने अपनी त्यौहारी पेशकश 'खुशी का सीजन' के तहत कई और पेशकश की है। इसमें ऋण पर प्रसंस्करण शुल्क से छूट और खुदरा एवं कृषि ऋण उत्पादों पर तेजी से ऑनलाइन मंजूरी शामिल है। गौरतलब है कि बैंकों और वित्तीय कंपनियों के कई प्रयासों के बावजूद ऋण वृद्धि दर कई साल के निचले स्तर पर यानी छह प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। कोटक महिंद्रा बैंक की उपभोक्ता बैंकिंग अध्यक्ष शांति एकंबरम ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर तरीके से सामान्य होने की तरफ बढ़ रही है। ग्राहकों का भरोसा और मांग लौटने के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। यह नयी योजना अगले एक महीने तक रहेगी और ग्राहकों की जरूरत को पूरा करेगी।

## हांगकांग ने यात्रियों के कोविड-19 संक्रमित मिलने के बाद एअर इंडिया, विस्तार पर लगायी रोक

**नयी दिल्ली,** हांगकांग ने एअर इंडिया और विस्तार की उड़ानों पर 17 से 30 अक्टूबर तक के लिए रोक लगा दी है। ऐसा इन उड़ानों से आए यात्रियों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद किया गया। हांग कांग के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह तीसरी बार है जब हांगकांग सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमित यात्रियों को लाने के चलते एअर इंडिया की उड़ानों पर रोक लगायी गयी है। इससे पहले 20 सितंबर से तीन अक्टूबर और 18 अगस्त से 31 अगस्त के लिए भी ऐसी ही रोक लगायी गयी थी। कोरोना वायरस महामारी के दौरान हांगकांग ने विस्तार की उड़ानों पर पहली बार रोक लगायी है। जुलाई में जारी नियमों के मुताबिक भारत से जाने वाले यात्रियों को हांगकांग में प्रवेश केवल तभी मिल सकता है जब उनके पास कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं होने का प्रमाणपत्र हो और इसके लिए जांच यात्रा के 72 घंटे पहले की गयी हो। हांगकांग में सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को हवाईअड्डे पर ही कोरोना वायरस का परीक्षण कराने की जरूरत है।

# उत्पादों के बारे में अनिवार्य सूचना नहीं दिये जाने पर फ्लिपकार्ट, अमेजन को नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी):**

सरकार ने ई-वाणिज्य कंपनियों के मंच से बिकने वाले सामानों पर उनके मूल उत्पत्ति वाले देश की जानकारी तथा अन्य जरूरी सूचनायें नहीं दिए जाने को लेकर कदम उठाया है और इसको लेकर फ्लिपकार्ट तथा अमेजन को नोटिस जारी किया। ये नोटिस उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जन वितरण मंत्रालय के तहत आने वाले उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जारी किये गये। इस बारे में फिलहाल दोनों कंपनियों से कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है। विभाग ने सभी ई-वाणिज्य कंपनियों से 'लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) रूल्स', 2011 का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। दोनों कंपनियों से 15 दिन के भीतर नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। कंपनियों को एक जैसे शब्दों वाले इस नोटिस में कहा गया है, ''यह पाया गया कि कुछ ई-वाणिज्य कंपनियां अपने डिजिटल मंच से बिकने वाले उत्पादों पर जरूरी जानकारी नहीं दे रही हैं जबकि यह 'लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) रूल्स', 2011 के तहत जरूरी है।'' फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लि. और अमेजन डेवलपमेंट सेंटर इंडिया प्राइवेट लि. को भेजे गये नोटिस के अनुसार वे ई-वाणिज्य इकाइयां हैं और इसीलिए उन्हें यह सुनिश्चित करना है कि ई-वाणिज्य सौदों के लिए उपयोग होने वाले डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर सभी जरूरी जानकारी दी जाए। नोटिस के अनुसार दोनों कंपनियों ने जरूरी सूचना नहीं दी और कानून का उल्लंघन किया। ई-वाणिज्य कंपनियों की वेबसाइट पर विज्ञापनों का जिक्र करते हुए नोटिस में कहा गया है, ''विज्ञापनों की जांच में पाया गया कि जो जरूरी घोषणाएं हैं, वे नहीं की जा रही हैं।''

नियम के तहत ई-वाणिज्य कंपनियों को अनिवार्य रूप से वस्तु की मूल उत्पत्ति वाले देश समेत अन्य जरूरी जानकारी देनी है। उन्हें इसके बारे में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर सूचना देनी है, जिसके जरिये वे लेन-देन करते हैं।

## ईडी ने डेक्कन क्रॉनिकल, पूर्व प्रवर्तकों की 122 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली,**

डेक्कन क्रॉनिकल होल्डिंग्स लिमिटेड (डीसीएचएल) और इसके पूर्व प्रवर्तकों की 122 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां प्रवर्तन निदेशालय ने कुर्क की हैं। यह कुर्की एक कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गयी है। ईडी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि डीसीएचएल और उसके पूर्व प्रवर्तकों से जुड़ी 14 संपत्तियों को कुर्क किया गया है। इनमें कंपनी के पूर्व प्रवर्तक टी. वेंकटराम रेड्डी और टी. विनायक रवि रेड्डी और एक बेनामी कंपनी की परिसंपत्तियां शामिल हैं। यह परिसंपत्तियां दिल्ली, हैदराबाद, गुरुग्राम, चेन्नई, बेंगलुरू और कुछ अन्य स्थानों पर हैं। कंपनी वर्तमान में दिवाला शोधन प्रक्रिया का सामना कर रही है। लेकिन उसकी कुर्क परिसंपत्तियां राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की प्रक्रिया के दायरे में नहीं आती है। एनसीएलटी में कंपनी पर मात्र 400 करोड़ रुपये की समाधान योजना का मामला चल रहा है। जबकि कंपनी और उसके प्रवर्तकों द्वारा कुल 8,180 करोड़ रुपये का ऋण घोटाला किये जाने का अनुमान है।

## टाटा कम्युनिकेशंस को दूसरी तिमाही में 385 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली:** टाटा कम्युनिकेशंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2020-21 की जुलाई-सितंबर तिमाही में करीब सात गुना उछलकर 384.81 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 54.31 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। टाटा कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 4.5 प्रतिशत बढ़कर 4,477.18 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 4,282.3 करोड़ रुपए रही थी। इस दौरान कंपनी एक भूखंड को उसमें बने भवन के साथ 67.41 करोड़ रुपए में बेचने के सौदे को पूरा कर पाई। आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी को दूरसंचार विभाग से 6,633.43 करोड़ रुपए चुकाने के लिये मांग पत्र मिला। यह मांग पत्र 2006- 07 से लेकर 2017- 18 को बीच समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) पर लाइसेंस फीस का भुगतान करने को लेकर प्रापत हुआ।



## चीन को महंगी पड़ रही भारत से दुश्मनी, भारतीय स्मार्टफोन बाजार में Xiaomi से छिना न.1 का ताज

**(एजेंसी):**

बायकाट चाइना का असर भारतीय बाजार पर अब साफ नजर आ रहा है। भारतीय स्मार्टफोन बाजार पर चाइनीज ब्रैंड की पकड़ कमजोर हो रही है। शाओमी को पछाड़ कर कोरियन स्मार्टफोन मेकर सैमसंग अब भारत में नंबर बन गया है। पहले कोरोना वायरस और उसके बाद सीमा **(LAC)** पर भारतीय सैनिकों के साथ चीन ने जो बर्बरता दिखाई, उसकी बहुत बड़ी कीमत उसे चुकानी पड़ रही है।



**सैमसंग स्मार्टफोन बना मार्केट लीडर**

काउंटरपाइंट की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक अब सैमसंग स्मार्टफोन सेगमेंट में लीडर बन गया है। 2017 की दूसरी छमाही में उससे यह ताज शाओमी ने छिन लिया था। 2018 के बाद से सैमसंग का मार्केट शेयर अभी सबसे ज्यादा है। मार्च के अंत में लॉकडाउन की घोषणा की गई थी। चीन को उसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाने लगा। जून के मध्य में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया, जिसमें दर्जनों सैनिक शहीद हो गए। उसके बाद चीन के खिलाफ गुस्सा भड़क गया और पूरे देश में एंटी चाइना सेंटिमेंट लगातार मजबूत हो रहा है। सैमसंग समेत दूसरे ब्रैंड जो चाइनीज नहीं हैं, उन्हें इसका काफी फायदा मिल रहा है।

**ग्लोबल मार्केट में हुआवे को मात**

ग्लोबल मार्केट में भी सैमसंग ने चाइनीज ब्रैंड हुआवे को मात दिया है। सैमसंग का ग्लोबल मार्केट शेयर (अगस्त 2020 का डेटा) 22 पर्सेंट पर पहुंच गया। अप्रैल 2020 तक सैमसंग का मार्केट शेयर 20 फीसदी थी। पिछले छह महीने में यह बदलाव आया है। बात अगर हुआवे की करें तो अगस्त 2020 में उसका मार्केट शेयर घटकर 16 फीसदी पर पहुंच गया। अप्रैल 2020 में उसका मार्केट शेयर 21 फीसदी था।

**एप्पल का मार्केट शेयर करीब 12 फीसदी**

ग्लोबल मार्केट में एप्पल का शेयर लगभग वैसा ही रहा है। ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट में एप्पल का शेयर 12 फीसदी के करीब बना हुआ है। 13 अक्टूबर को एप्पल ने आईफोन 12 को लॉन्च किया है। कंपनी को उम्मीद है कि उसे इसका बड़ा फायदा मिलेगा।

## ट्रैक्टर खरीदने के लिए कर्ज उपलब्ध कराने को महिंद्रा एंड महिंद्रा का बैंक ऑफ बड़ौदा से समझौता

**नयी दिल्ली.** सरकारी बैंक, बैंक आफ बड़ौदा (बीओबी) ने शुक्रवार को कहा कि कृषि क्षेत्र में वित्तपोषण को बढ़ावा देने के मकसद से उसने टैक्टर के कर्ज उपलब्ध कराने के वास्ते महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के साथ करार किया है। बीओबी अपने 5,000 से अधिक ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखा नेटवर्क के माध्यम से महिंद्रा एंड महिंद्रा के ग्राहकों को ट्रैक्टर ऋण की सुविधा प्रदान करेगा। बीओबी के कार्यकारी निदेशक विक्रमादित्य सिंह खिंची ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देगा और किसानों को ट्रैक्टर खरीदने में परेशानी मुक्त ऋण सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर वित्तपोषण योजना पहली बार प्रायोगिक तौर पर एक वर्ष के लिए उ.प्र. क्षेत्र में शुरू की गई थी और यह सफल रही। उन्होंने कहा कि अब इसे बैंक के 11 क्षेत्रों में विस्तारित किया जा रहा है। इसके अलावा, उन्होंने कहा, बैंक कृषि वित्त पोर्टफोलियो के विस्तार के लिए डेयरी क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# जीएसटी क्षतिपूर्ति पर केंद्र सरकार की बड़ी पहल, कांग्रेस ने भी की तारीफ



**(एजेंसी):**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को माल एवं सेवाकर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति व्यवस्था के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए सभी राज्यों को पत्र लिखा है। केंद्र के राज्यों की तरफ से जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए 1.10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लेने के लिए सहमत होने के एक दिन बाद यह पत्र लिखा है। इससे पहले, इस सप्ताह सोमवार को हुई जीएसटी परिषद की बैठक में इस मुद्दे पर आम सहमति नहीं बन पाई थी। केंद्र ने तब कहा था कि भविष्य की प्राप्तियों के एवज में राज्यों को खुद बाजार से कर्ज उठाना चाहिए। कुछ राज्य सरकारें केंद्र के इस प्रस्ताव पर सहमति नहीं थी। सीतारमण के पत्र में कहा गया है, 'हमने अब विशेष व्यवस्था से जुड़ी कुछ पहलुओं पर काम किया है। कई राज्यों से मिले सुझाव के आधार पर, यह निर्णय किया गया है कि केंद्र सरकार शुरू में राशि प्राप्त करेगी और उसके बाद उसे राज्यों को समय समय पर कर्ज के रूप में देगी। इससे समन्वय और कर्ज लेने में आसानी होगी। साथ ही ब्याज दर भी अनुकूल रहेगी।' पत्र में कहा गया है कि इससे अब राज्यों के पास इस साल दी जाने वाली क्षतिपूर्ति को पूरा करने के लिए पर्याप्त राशि होगी। कर्ज, ब्याज का भुगतान भविष्य में मिलने वाले उपकर से किया जाएगा।

**कांग्रेस ने की तारीफ**

कुछ राज्य केंद्र के पहले के प्रस्ताव का विरोध कर रहे थे, जिसमें राज्यों को जीएसटी क्षतिपूर्ति के एवज में कर्ज लेने को कहा गया था। उन्होंने जीएसटी राजस्व संग्रह में कमी को पूरा करने के लिए केंद्र के स्वयं 1,10,208 करोड़ रुपए कर्ज लेने के गुरुवार के निर्णय का स्वागत किया। कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने शुकवार को कहा कि केंद्र ने पहला कदम सही उठाया है और उसे अब राज्यों के साथ भरोसा बनाने के लिए काम करना चाहिए। चिंदबरम ने ट्विटर पर लिखा है, 'वित्त मंत्री ने राज्यों को पत्र लिखकर कहा है कि केंद्र सरकार 1,10,208 करोड़ रुपए कर्ज लेगी और उसे राज्य सरकारों को देगी। मैं रुख में आए बदलाव का स्वागत करता हूं। जीएसटी क्षतिपूर्ति में अंतर को लेकर स्पष्टता नहीं हैं, वित्त मंत्री के पत्र में चालू वित्त वर्ष के लिए आंकड़ा 1,06,830 करोड़ रुपए बताया गया है।'

**केंद्र और राज्यों के बीच भरोसा बनाएं**

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, 'राज्य सही हैं। पहली राशि और दूसरी राशि कोई अंतर नहीं है। केंद्र को 1,06,830 करोड़ रुपए को लेकर गतिरोध दूर करना चाहिए जैसा कि उसने 1,10,208 करोड़ रुपए के मामले में किया है। पहला सही कदम लेने के बाद, मैं प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री से आग्रह करूंगा कि वे दूसरा कदम भी उठाएं और केंद्र और राज्यों के बीच भरोसा बनाएं।' अर्थव्यवस्था में पहले से चली आ रही नरमी और अब कोविड-19 संकट के चलते माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह कम रहा है। इससे राज्यों का बजट गड़बड़ाया है। राज्यों ने वैट समेत अन्य स्थानीय कर एवं शुल्कों के एवज में जीएसटी को स्वीकार किया था। उन्होंने जुलाई 2017 में नई अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था इस शर्त पर स्वीकार की थी कि राजस्व संग्रह में अगले पांच साल तक किसी भी प्रकार की कमी होने पर उसकी भरपाई केंद्र सरकार करेगी। चार पन्नों के पत्र में सीतारमण ने जीएसटी क्षतिपूर्ति के मामले में समाधान तलाशने को लेकर राज्यों के रचनात्मक सहयोग की सराहना की है।

पत्र में उन्होंने लिखा है कि महामारी का जो राजस्व पर असर पड़ा है, उसके कारण चालू वित्त वर्ष असामान्य वर्ष है। उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार भी राजस्व संग्रह में कमी और राहत और पुनरूद्धार के लिए जरूरी खर्चों को पूरा करने के कारण बुरी तरह से प्रभावित है।' इन सबके बीच जीएसटी क्षतिपूर्ति का मसला सुलझाया जा रहा है।


# Paytm से पेमेंट करना हुआ महंगा, क्रेडिट कार्ड से वॉलेट में पैसे ऐड करने पर देने होंगे एक्सट्रा चार्ज

**(एजेंसी):**

ग्रॉसरी स्टोर्स से सामान खरीदने, पानी और बिजली का बिल भरने, गैस सिलेंडर बुक करने, मोबाइल और डीटीएच का रिचार्ज करने या ऑनलाइन ऑर्डर के लिए आप पेटीएम वॉलेट का इस्तेमाल करते हैं। मगर पेटीएम का इस्तेमाल करना अब महंगा हो गया है। कंपनी के नए नियम के मुताबिक यूजर्स अगर पेटीएम वॉलेट में रुपए क्रेडिट कार्ड से ऐड करते हैं तो इसके बदले उन्हें अतिरिक्त चार्ज देना होगा। कंपनी ने नियमों में बदलाव करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति पेटीएम वॉलेट में क्रेडिट कार्ड से मनी ऐड करता है तो उसे 2 प्रतिशत का अतिरिक्त चार्ज देना होगा। इसमें जीएसटी भी शामिल है। यह नियम कल से लागू किए गए हैं। कंपनी ने इस बात की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर दी है।

**मिलेगा कैशबैक**

क्रेडिट कार्ड से वॉलेट में रुपए डालने पर लगने वाले अतिरिक्त चार्ज से कस्टमर को इसका इस्तेमाल महंगा पड़ेगा। हालांकि कंपनी की ओर से कैशबैक ऑफर भी दिया जा रहा है। इसके तहत ग्राहकों को 1 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा। उदाहरण के तौर पर अगर आप अपने पेटीएम वॉलेट में क्रेडिट कार्ड में 100 रुपए डालते हैं, तो 2 प्रतिशत एक्स्ट्रा चार्ज से ये आपको 102 रुपए पड़ेंगे। चूंकि इसमें 1 प्रतिशत का कैशबैक मिलेगा, इसलिए आपको 102 की जगह 101 रुपए पड़ेगा।



**मर्चेंट साइट पर पेमेंट में मिली छूट**

अगर आप किसी मर्चेंट साइट पर पेटीएम से पेमेंट करते हैं तो इस पर कोई एक्सट्रा चार्ज नहीं देना होगा। पेटीएम से पेटीएम वॉलेट में रुपए ट्रांसफर करने पर भी कोई चार्ज नहीं लगेगा। इसके अलावा डेबिट कार्ड या नेटबैंकिंग से पेटीएम वॉलेट में मनी ऐड करने पर भी अतिरिक्त चार्ज पर छूट मिलेगी।

## दिवाली में मिट्टी के दीये का व्यापार भारत-चीन विवाद से 3 गुना बढ़ने के आसार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

देशभर में एक तरफ कोरोना महामारी के चलते कई उद्योगों को नुकसान हुआ। वहीं भारत-चीन विवाद की वजह से अब कुछ उद्योगों को फायदा भी पहुंचने वाला है। दिल्ली के उत्तम नगर स्थित कुम्हार कॉलोनी में मिट्टी के सामान बनते हैं और ये काम यहां करीब 40 सालों से हो रहा है। वहीं मिट्टी के सामानों का होलसेल के अलावा रिटेल बाजार भी हैं। देशभर के विभिन्न जगहों से लोग इस बाजार से सामानों को खरीदने आते हैं। कुम्हार कॉलोनी में करीब 500 परिवार रहते हैं जो इस व्यापार से सीधे जुड़े हैं और लगभग हर दूसरे घर में मिट्टी के सामान बनते हैं। दिवाली के लिए दीये, बर्तन ,घरों के डेकोरेटिव आइटम, जग, कप और मूर्तियां आदि जैसे मिट्टी के सामान शामिल हैं। हालांकि कुछ परिवार इन्हें गुजरात, कलकत्ता से खरीदकर यहां इनपर खूबसूरत पेंट करके बाजारों में बेचते हैं। कोविड-19 में इन सभी परिवारों को बहुत नुकसान हुआ, वहीं मार्च से मई के महीने तक एक भी मिट्टी का आइटम नहीं बिका, लेकिन धीरे-धीरे लोग अब घरों से बाहर निकल रहे हैं और सामान खरीद भी रहे हैं। भारत में अगले महीने दीपावली का सबसे बड़ा त्यौहार मनाया जाएगा। लॉकडाउन और अनलॉक के भंवर में फंसे नागरिक भले धूमधाम से इस बार की दिवाली न मनाएं, लेकिन जहां तक रोशनी के इस पर्व का संबंध है, घरों में दीपोत्सव तो मनेगा ही। घरों में दिये तो जलेंगे ही। ऐसे में भारत-चीन विवाद के चलते इस बात की उम्मीद लगाई जा रही है कि व्यापार तिगुना बढ़ सकता है, वहीं कोरोना के चलते जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई भी हो सकती है। हरकिशन मिट्टी के बर्तन और अन्य सामान बनाते हैं। इन्हें साल 2012 में शिल्पगुरु अवार्ड,1990 नेशनल अवार्ड और 1988 संस्कृति अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है। वह इस कॉलोनी के मुखिया भी हैं। उन्होंने आईएएनएस को बताया, इस कॉलोनी में 500 परिवार रहते हैं वहीं सभी इसी कारोबार से जुड़े हुए हैं।

## समाचार एजेंसियों, डिजिटल मीडिया, न्यूज एग्रीगेटर्स 26 प्रतिशत एफडीआई नियम का अनुपालन करें: सरकार




**नयी दिल्ली (एजेंसी)**

डिजिटल मीडिया या वेबसाइट पर सूचनाएं देने वाली कंपनियों या मीडिया समूहों को समाचार उपलब्ध कराने वाली समाचार एजेंसियों, समाचार संग्राहकों को 26 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) सीमा नियमों का पालन करने की जरूरत है। सरकार ने शुक्रवार को यह कहा है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा कि ''इन कंपनियों को इस स्पष्टीकरण के जारी होने के एक साल के भीतर अपनी एफडीआई निवेश को केंद्र सरकार की अनुमति के साथ 26 प्रतिशत तक करने की जरूरत है।'' केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल अगस्त में प्रिंट मीडिया की तरह ही डिजिटल मीडिया के माध्यम से समाचार या सूचनाएं अपलोडिंग या स्ट्रीमिंग के क्षेत्र में सरकारी मंजूरी मार्ग से 26 प्रतिशत एफडीआई निवेश की अनुमति दे दी थी। मीडिया उद्योग के एक वर्ग और विशेषज्ञों ने सरकार के इसे इस नियम को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की थी। उनका कहना था कि डिजिटल मीडिया में एफडीआई को 26 प्रतिशत पर सीमित रखने से सवाल खड़ा होता है इसे स्पष्ट करने की जरूरत है। विभाग ने कहा कि उसे विभिन्न हितधारकों से इस निर्णय पर स्पष्टीकरण देने का आग्रह मिला था। विभाग ने कहा कि भारत में पंजीकृत और काम कर रही कुछ विशेष श्रेणी की भारतीय मीडिया इकाइयों में सरकार की मंजूरी से 26 प्रतिशत एफडीआई निवेश की अनुमति होगी। इन श्रेणियों में वेबसाइट, ऐप, अन्य मंच पर समाचार और दैनिक जानकारी अपलोड और स्ट्रीम करने वाली इकाइयां, समाचार एजेंसियां जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर डिजिटल मीडिया इकाइयों को समाचार प्रेषित करती हैं और न्यूज एग्रीगेटर्स शामिल हैं। विभाग ने कहा है कि एफडीआई नीति का अनुपालन उस इकाई की जिम्मेदारी होगी जिसमें निवेश किया जाना है। ऐसी कंपनी को कुछ और शर्तों का भी पालन करना होगा। ऐसी कंपनी के निदेशक मंडल में अधिसंख्य निदेशक भारतीय नागरिक होने चाहिये और उसका मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी भारतीय होना चाहिये।

## बिहार चुनाव से पहले सरकार ने चुनावी बांड की 14वीं किस्त को मंजूरी दी, 28 अक्टूबर तक होगी बिक्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सरकार ने बिहार चुनाव से पहले शुक्रवार को चुनावी बांड की 14वीं श्रृंखला को मंजूरी दे दी। यह बिक्री के लिये 19 अक्टूबर को खुलेगा और 28 अक्टूबर को बंद होगा। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि निर्वाचन आयोग ने कुछ शर्तों के साथ आचार संहिता के नजिरये से इसे 15 अक्टूबर को मंजूरी दे दी आयोग के अनुसार कोई भी राजनीतिक पदाधिकारी या कार्यकर्ता उन क्षेत्रों में सार्वजनिक भाषण या किसी प्रकार की सूचना के जरिये प्रेस या लोगों से इस संदर्भ कोई जिक्र नहीं करेंगे, जहां चुनाव होने जा रहे हैं। साथ ही निर्वाचन आयोग ने जो आचार संहिता जारी की है, उसके प्रावधानों का कड़ाई से पालन करेंगे।

**तीन चरणों में बिहार में चुनाव**

बिहार में तीन चरणों में चुनाव हो रहा है। पहला चरण 28 अक्टूबर को, दूसरा तीन नवंबर और तीसरा चरण सात नवंबर को है। वोटों की गिनती 10 नवंबर को होगी। चुनावी बांड को राजनीतिक दलों को मिलने वाले नकद चंदा के विकल्प के रूप में लाया गया है। इस पहल का मकसद राजनीतिक वित्त पोषण में पारदर्शिता लाना है।

मंत्रालय ने कहा, 'भारतीय स्टेट बैंक को अपनी 29 शाखाओं के जरिये 19 अक्टूबर से 28 अक्टूबर के दौरान चुनावी बांड की 14वीं श्रृंखला की बिक्री और उसे भुनाने लिये अधिकृत किया गया है।' एसबीआई की ये विशेष शाखाएं पटना, नयी दिल्ली, चंडीगढ़, शिमला, श्रीनगर, देहरादून, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर, मुंबई और लाखनऊ जैसे शहरों में हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## शुरुआती मैचों से गेल को बाहर रखने से हैरान हैं तेंदुलकर



**दुबई।** सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल के शुरुआती मैचों से विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल को बाहर रखने के किंग्स इलेवन पंजाब के फैसले पर हैरानी जताई है। गेल शुरुआती मैचों में पंजाब की टीम में शामिल नहीं थे। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ उनकी वापसी हुई और उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी के दम पंजाब को दूसरी जीत दिलाई। गेल ने उस मैच में 45 गेंदों पर 53 रनों की पारी खेली। तेंदुलकर ने ट्विटर पर कहा, क्रिस गेल की वापसी देखकर अच्छा लगा और उन्होंने शानदार 53 रन बनाए। हैरान हूं कि इतने समय तक किंग्स इलेवन पंजाब ने उन्हें बाहर क्यों रखा था। गेल ने अपना अर्धशतक बनाने के बाद कैमरे के सामने अपने बल्ले को दिखाया था, जिस पर द बॉस लिखा था। गेल के नाम टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने टी 20 में अब तक 983 छक्के लगाए हैं। उनके बाद उनके हमवतन कीरोन पोलार्ड हैं, जिनके नाम 685 छक्के दर्ज हैं।

### डि कॉक की तूफानी फिफ्टी,

# कोलकाता को 8 विकेट से हराकर चैंपियन मुंबई इंडियंस फिर टॉप पर



**अबू धाबी (एजेंसी)।**

**IPL-**2020 के 32वें मैच में मुंबई इंडियंस **(MI)** ने कोलकाता नाइट राइडर्स **(KKR)** को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। कप्तान बदलने के बाद भी केकेआर की टीम कुछ खास नहीं कर पाई। शुक्रवार को अबु धाबी में खेले गए मुकाबले में कोलकाता ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई ने 16.5 ओवर में सिर्फ 2 विकेट गंवाते हुए 149 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुंबई के लिए ओपनर क्विंटन डिकॉक ने आईपीएल में अपनी 13वीं फिफ्टी लगाई। उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 78 रन बनाए। हार्दिक पंड्या 21 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान रोहित शर्मा ने 35 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव 10 रन बनाकर आउट हुए। केकेआर के शिवम मावी और वरुण चक्रवर्ती को एक-एक विकेट मिला।

**इस सीजन पहली बार मुंबई की ओपनिंग पार्टनरशिप 50+ की**

149 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस को ओपनर क्विंटन डिकॉक और कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने इस सीजन में पहली बार मुंबई के लिए 50 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 94 रन जोड़े। वहीं, सीजन में यह पहला मौका है, जब पावर-प्ले में मुंबई का कोई विकेट नहीं गिरा। मुंबई के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक ने 44 गेंदों में 9 चौके और 3 छक्के की मदद से नाबाद 78 रनों की पारी खेली, जबकि कप्तान रोहित ने 36 गेंदों में 35 रन बनाए। केकेआर के शिवम मावी ने रोहित को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

**केकेआर की पारी का रोमांच**

मुंबई इंडियंस की सधी गेंदबाजी के बाद पैट कमिंस (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी और कप्तान इयान मॉर्गन (नाबाद 39) के साथ छठे विकेट के लिए उनकी 87 रन की अटूट साझेदारी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने पांच विकेट 148 पर रन बनाए। कमिंस और मॉर्गन ने आखिरी दो ओवरों में 35 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कमिंस ने 36 गेंद की पारी में दो छक्के और पांच चौके लगाए जबकि मॉर्गन ने 29 गेंद की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए।

**मॉर्गन ने की कप्तानी**

मैच से कुछ घंटे पहले हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की बात कहते हुए केकेआर की कप्तान पद से हट गए। उनकी जगह इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान और आईपीएल में इस फेंचाइजी में अब तक उप कप्तान की भूमिका निभा रहे मॉर्गन को कमान सौंपी गई है। मॉर्गन का टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला हालांकि सही साबित नहीं हुआ, टीम पारी की शुरुआत में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी।

**सूर्यकुमार ने लपका राहुल त्रिपाठी का धांसू कैच**

मुंबई इंडियंस की कसी हुई गेंदबाजी का फायदा उन्हें तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर राहुल त्रिपाठी के विकेट से मिला। पॉइंट पर क्षेत्ररक्षण कर रहे सूर्यकुमार यादव ने ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर राहुल त्रिपाठी का शानदार कैच लपका। त्रिपाठी ने नौ गेंद मे सात रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए नितीश राणा (पांच रन) भी कुछ खास नहीं कर सके और पांचवें ओवर में नाथन कुल्टर-नाइल की गेंद विकेटकीपर क्विंटन डि कॉक को कैच थमा बैठे।

**राहुल चाहर ने एक ही ओवर में किया कार्तिक और गिल को आउट**

कप्तानी के बोझ से मुक्त हुए कार्तिक ने सातवें ओवर में ऋुणाल पंड्या की अंतिम गेंद पर चौका लगाया लेकिन इसके बाद गेंदबाजी के लिए आए राहुल चाहर ने पारी के आठवें ओवर की लगातार दो गेंदों पर शुभमन गिल और कार्तिक को पविलियन की राह दिखाई। गिल का कैच कायरन पोलार्ड ने पकड़ा जबकि कार्तिक स्विप लगाने की कोशिश में बोल्ड हो गए। गिल ने 23 गेंद में 21 रन बनाए तो वहीं कार्तिक आठ गेंद में सिर्फ चार रन का योगदान दे सके।

**बुमराह ने रसल को भेजा पविलियन**

कप्तान मॉर्गन का साथ देने क्रीज पर आए रसेल ने कृणाल की गेंद पर छक्का लगाया लेकिन बुमराह की बाउंसर पर उन्होंने विकेटकीपर डिकॉक को कैच थमा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए पैट कमिंस ने कुल्टर-नाइल के ओवर में दो चौका और एक छक्का लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की। पारी के इस 13वें ओवर में 16 रन बने। मॉर्गन हालांकि रन बनाने में जूझते दिखे और उन्होंने 17वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगा टीम के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया।

**पैट कमिंस का पहला पचासा**

कमिंस ने बोल्ट के 19वें ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाने के बाद अंतिम ओवर में कुल्टर-नाइल की गेंद पर चौका लगाकर 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। मॉर्गन ने भी इस ओवर में दो छक्के लगाए। मुंबई के लिए राहुल ने चार ओवर में महज 18 रन देकर चार विकेट लिए। बोल्ट, बुमराह और कुल्टर-नाइल को एक-एक सफलता मिली। कुल्टर-नाइल ने हालांकि चार ओवर में 51 रन लुटाए।



## बैडमिंटन : डेनमार्क ओपन से बाहर हुए श्रीकांत

**कोपेनहागेन।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत शुक्रवार को डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। श्रीकांत को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में हार मिली। उनकी हार के साथ इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। श्रीकांत 62 मिनट तक चले मैच में चीनी ताइपे के चोउ तेन चेन के हाथों 22-20, 13-21, 16-21 से हार गए। अब चोउ का सामना सेमीफाइनल में डेनमार्क के जान ओ जोर्गेनसेन या आंद्रेस एंटोनसेन से होगा। ये दोनों शुक्रवार को ही क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगे।

# मुंबई के खिलाफ अपने सही संयोजन की तलाश में होगी पंजाब

**दुबई (एजेंसी)।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें संस्करण में पहले स्थान पर काबिज मुंबई इंडियंस और आखिरी स्थान की टीम किंग्स इलेवन पंजाब का सामना रविवार को दूसरे मैच में दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। पंजाब के लिए स्थिति काफी खराब है। उसे आठ मैचों में सिर्फ दो जीत मिली है, लेकिन एक अच्छी बात यह है कि वह अपना पिछला मैच जीतकर इस मैच में आ रही है जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। एक और अच्छी बात पंजाब के लिए यह है कि क्रिस गेल लौट आए हैं और फॉर्म में हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ उन्होंने 53 रनों की पारी खेल टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब के तीन बल्लेबाज फॉर्म में हैं। कप्तान लोकेश राहुल उनके सलामी जोड़ीदार मयंक अग्रवाल और गेल। यह तीनों ही अगर चल जाते हैं तो पंजाब का काम हो जाएगा लेकिन इन तीनों के बाद थोड़ी बहुत उम्मीद किसी से की जा सकती है तो वो हैं निकोल पूरन। टी-20 में अच्छी लय में बने रहने के लिए जरूरी होता है कि टीम जल्दी से जल्दी अपना सही संयोजन तलाश कर लें लेकिन पंजाब के साथ यही समस्या रही है। उसे अभी तक अपनी सही प्लेइंग-11 नहीं मिली है। उसने काफी बदलाव भी किए लेकिन सही संयोजन से दूरी ही रही। लीग का दूसरा हाफ भी शुरू हो चुका है और अभी तक पंजाब यही ढूंढ़ रही है कि उसकी बेस्ट प्लेइंग-11 क्या है। यही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। वहीं, मुंबई के लिए तो सब कुछ ठीक है। उसे पता है कि उसकी बेस्ट प्लेइंग इलेवन क्या है और उसके पास उन खिलाड़ियों के विकल्प भी हैं। क्विटंन डी कॉक ने पिछले मैच में अर्धशतक जमाया था और कप्तान रोहित शर्मा के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 94 रनों की साझेदारी की थी। इन दोनों बल्लेबाजों में कोई न कोई हर मैच में चल रहा है। सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या और कीरन पोलार्ड सभी फॉर्म में हैं। गेंदबाजी में रोहित ने पिछले मैच में बदलाव किया था। जैम्स पैटिनसन की जगह नाथन कुल्टर नाइल को मौका दिया था। नाइल ने प्रभावित किया था लेकिन आखिरी ओवर में रन खा गए थे। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट ने समय पर विकेट दिलाए थे। यह दोनों पूरे सीजन अभी तक टीम के लिए इस काम को बखूबी अंजाम देते हुए आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### सुधार की इच्छा, बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बनाती है

**अबू धाबी ।** मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा है कि बुमराह के अंदर खुद में सुधार करने की इच्छा उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनाता है। बुमराह आईपीएल-13 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। मुंबई इंडियंस ने अपने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें बॉन्ड ने कहा, यह अच्छा है। लगभग छह साल से बुमराह के साथ काम करना पसंद हैं। उन्होंने कहा, जसप्रीत के बारे में मुझे जो बात पसंद है, वह है कि वह खुद में सुधार करना चाहता है। वह इस टूर्नामेंट में बदल गए हैं। उन्हें अपने शस्त्रागार में एक और अलग गेंद मिली है और जब आप एक ऐसे खिलाड़ी को देखते हैं तो आपके लिए मैदान में चीजें आसान हो जाती है। इसलिए मुझे कोई आश्चर्य नहीं है कि वह एक है दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। गेंदबाजी कोच ने साथ ही मुंबई के अन्य तेज गेंदबाजों ट्रेंट बाउल्ट और जेम्स पैंटिंसन की भी तारीफ की, जिन्होंने अब तक की टीम सफलता में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा, मेरे नजरिए से, जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं उससे मैं खुश हैं और यही कारण है कि ये तीनों गेंदबाज इस समय अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

### मुंबई के लिए लय में लौटे डी कॉक



**नई दिल्ली ।** मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज क्विंटी डी कॉक ने आईपीएल-13 के पिछले कुछ मैचों से बल्ले कमाल करना शुरू कर दिया है। डी कॉक की शानदार बल्लेबाजी के दम पर ही मुंबई ने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत दर्ज की है और डी कॉक ने इन चार मैचों में से तीन में अर्धशतक जमाए हैं। उन्होंने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 78 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को आठ विकेट से दिलाने में सफल रहे। अपनी इस पारी के दम पर वह लगातार दूसरी बार मैन आफ द मैच चुने गए। डी कॉक ने मैच के बाद कहा, मैं ऐसे ही खेलना पसंद करता हूं और यह अच्छा है कि मैं ऐसा कर पाता हूं। मुझे पता है कि मुझे अपना संतुलन बनाए रखने की जरूरत है और मैं क्रॉस बैट से शॉट खेलने के बारे में ज्यादा नहीं सोचता हूं। मेरे लिए गेंद की लाइन में रहना महत्वपूर्ण हैं। मुंबई के कोच महेला जयवर्धने ने भी रोहित शर्मा और डी कॉक की सलामी जोड़ी की जमकर तारीफ की। जयवर्धने ने कहा, यह (रोहित-डी कॉक की जोड़ी) में निरंतरता है और दोनों ही काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। रोहित ने डी कॉक के साथ बल्लेबाजी को लेकर कहा, मैं उनके (डी कॉक) के साथ बल्लेबाजी का आनंद लेता हूं। मैं भी उसी तरह से बल्लेबाजी करना चाहता हूं, जिस तरह से वो करते हैं। हम अच्छी स्थिति में हैं।

# जयवर्धने ने डी कॉक से कहा, प्रैक्टिस पैंट्स में बल्लेबाजी मत करो



**अबू धाबी (एजेंसी)।**

मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में 44 गेंदों पर नाबाद 78 रनों की शानदार पारी खेली और अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिलाई। लेकिन अगर टीम के मुख्य कोच महेला जयावर्धने से पूछेंगे तो डी कॉक की बल्लेबाजी सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। मुंबई इंडियंस ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें श्रीलंका के पूर्व कप्तान डी कॉक से कह रहे हैं कि वह प्रैक्टिस पैंट्स में बल्लेबाजी करना बंद करें। मैच के बाद महेला टीम से बात करते हुए कह रहे हैं, डी कॉक के अलावा जो अपने प्रैक्टिस पैंट्स में बल्लेबाजी कर रहे थे, बाकी सब अच्छा था। उन्होंने डी कॉक से कहा, ठीक है, अब दोबारा ऐसा मत करना क्योंकि मार्केटिंग टीम पागल है, लोगबाग भी हो जाएंगे। अगर यह काम करता है तो करता है, नहीं तो हम कुछ और देखते। डी कॉक ने बल्लेबाजी करते हुए अपनी जर्सी को नीचे कर रखा था ताकि उनके प्रैक्टिस पैंट्स की नारंगी पट्टी न दिखे। इसके बाद जयवर्धने ने टीम को हौसलअफजाई की और कहा, लेकिन टीम, आप लोगों ने अच्छा किया, शानदार प्रयास। अगला मैच दुबई में है। मुंबई की टीम अंकतालिका में 12 अंकों के साथ पहले स्थान पर है।



## राजस्थान रॉयल्स ने स्पष्ट किया, स्मिथ ही बने रहेंगे कप्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने साफ किया है कि लीग के 13वें सीजन के लिए स्टीवन स्मिथ ही उसके कप्तान बने रहेंगे। राजस्थान रॉयल्स ने एक मीम शेयर करते हुए इस बात की अटकलें तेज कर दी थीं कि कप्तानी की जिम्मेदारी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को दी जा रही है लेकिन बाद में उसने इसका स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि जो मीम उसने पोस्ट किया था, वह सिर्फ मजाक के लिए था। राजस्थान रॉयल्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर लोकप्रिय टेलीविजन शो- द ऑफिस पर आधारित एक मीम शेयर किया, जिसमें बटलर दिख रहे हैं। इस ट्वीट पर राजस्थान रॉयल्स ने लिथा कि हम जोस जैसे बॉस के लिए धन्यवाद करते हैं। इसके बाद तो सोशल मीडिया पर इस बात की अटकलें तेज हो गईं कि अब बटलर ही राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करेंगे। मजेदार बात यह है कि राजस्थान रॉयल्स का यह ट्वीट उनके ही देश के इयोन मोर्गन के दिनेश कार्तिक के स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान बनाए जाने के कुछ घंटों बाद ही आया। 2008 में आईपीएल जीतने वाली इस टीम ने बाद में सफाई दी कि वह सिर्फ एक मजाक था और उसका कप्तान बदलने का फिलहाल कोई इरादा नहीं है और स्मिथ ही बाकी के मैचों के लिए कप्तानी करते रहेंगे।

## रोहन जेटली निर्विरोध चुने गए डीडीसीए के अध्यक्ष



**नई दिल्ली ।** वकील और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली को निर्विरोध रूप से दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) का अध्यक्ष चुना गया है। रोहन इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। इस पद के एकमात्र अन्य उम्मीदवार सुनील कुमार गोयल ने नामांकन दाखिल करने के बाद वापस ले लिया था। बाकी छह पदों के लिए चुनाव पांच से आठ नवंबर के बीच होंगे। पांच से आठ नवंबर के बीच अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और चार निदेशकों के पद के चुनाव होने हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और 14 साल तक डीडीसीए के अध्यक्ष रहे अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली का अध्यक्ष चुना जाना तय था। उनके नाम को लेकर सभी वर्गों में सर्वसम्मति थी।

# डिविलियर्स के दम पर जीता आरसीबी, राजस्थान को 7 विकेट से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

आईपीएल के 13वें सीजन का 33वां मैच राजस्थान रॉयल्स **(RR)** और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु **(RCB)** के बीच दुबई में खेला जा रहा है। राजस्थान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 178 रन का टारगेट दिया। जवाब में बेंगलुरु के एबी डिविलियर्स और गुरकीरत सिंह मान क्रीज पर हैं। पडिक्कल 35 रन बनाकर राहुल तेवतिया की बॉल पर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली (43) को कार्तिक त्यागी ने आउट किया। राहुल तेवतिया और श्रेयस गोपाल को भी एक-एक विकेट मिला।

**कोहली के पास एक और रिकॉर्ड बनाने का मौका**

आरसीबी के कप्तान विराट कोहली के पास टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बनने का मौका है। दिल्ली कैपिटल्स के शिखर धवन (39) से कोहली (38) सिर्फ एक कदम दूर हैं। अगर उनके बल्ले से रन निकलते हैं, तो वे शिखर की बराबरी कर सकते हैं। लीग में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान डेविड वॉर्नर (46) के नाम है।वहीं, आईपीएल में 500 चौके पूरे करने के लिए भी कोहली को सिर्फ 3 चौकों की जरूरत है। इस मामले में कोहली से आगे सिर्फ धवन ही हैं। धवन ने आईपीएल में कुल 549 चौके लगाए हैं। इनके अलावा चेन्नई सुपर किंग्स के सुरेश रैना (493) तीसरे और दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर (491) चौथे नंबर पर हैं।

**राजस्थान ने 6 विकेट पर 177 रन बनाए**

इससे पहले राजस्थान ने 6 विकेट पर 177 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने आईपीएल में अपनी 11वीं फिफ्टी लगाते हुए सबसे ज्यादा 57 रन की पारी खेली। स्मिथ के अलावा रॉबिन उथप्पा ने 41 रन बनाए। राहुल तेवतिया 19 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु के क्रिस मॉरिस को 4 और युजवेंद्र चहल को 2 विकेट मिले।



**राजस्थान के लिए सीजन में पहली बार 50 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप**

राजस्थान की शुरुआत अच्छी हुई। जोस बटलर की जगह पारी की शुरुआत करने उतरे रॉबिन उथप्पा ने बेन स्टोक्स के साथ 50 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रिस मॉरिस की बॉल पर आउट हुए। इससे पहले सीजन में राजस्थान के लिए दिल्ली के खिलाफ 37 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई थी।

## शेख रसेल इंटरनेशनल एयर राइफल चैंपियनशिप में भाग लेंगे एलावेनिल, माने



**नई दिल्ली ।** महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में दुनिया की नंबर-1 निशानेबाज एलावेनिल व्लारीवेन और शाहू तुषार माने रविवार को यहां ऑन लाइन शेख रसेल इंटरनेशनल एयर राइफल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल निशानेबाजी संघ (एनआरएआई) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। बांग्लादेश निशानेबाजी खेल महासंघ द्वारा आयोजित होने वाला यह ऑन लाइन टूर्नामेंट-बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब उर रहमान और मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना के भाई शेख रसेल की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। एनआरएआई ने कहा कि इस टूर्नामेंट में मेजबान बांग्लादेश समेत कुल सात देश भाग लेंगे और इसमें भाग लेने वाले सभी महासंघों का अपना आईएसएसएफ ज्यूरी सदस्य इसमें भाग लेगा। एलावेनिल अपनी परीक्षा के कारण दिल्ली कैम्प में भाग नहीं ले पाई थीं, लेकिन वो ऑनलाइन प्रतियोगिता के लिए उपलब्ध थीं। माने का चयन 18 मार्च 2020 को जारी राष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर किया गया है। ऑन लाइन शेख रसेल इंटरनेशनल एयर राइफल चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक दांव पर होंगे।

## जिज्ञासा


# त्वचा क्यों होती है गोरी या काली?



**आपने** अलग-अलग देशों में रहने वाले लोगों के रंग में अंतर देखा होगा। और तो और हमारे अपने देश में ही अलग-अलग रंगों के लोग रहते हैं। पर क्या आपने कभी सोचा है कि त्वचा का रंग आखिर भिन्न क्यों होता है ?


असल में मनुष्यों, प्राणियों व वनस्पती में विभिन्न प्रजातियों में अंतर उनके समय के साथ बदलते निवास के कारण पैदा हुआ है। वे स्थानीय वातावरण के अनुकूल रहन-सहन एवं भोजन आदि के कारण परिवर्तित होते गए। प्रमुख विभिन्ताओं में शारीरिक संरचना, बाल , त्वचा का रंग एवं चेहरे का आकार प्रमुख है। मानव जाति का विचरण पृथ्वी पर पर अन्य प्राणियों के मुकाबले ज्यादा विस्तृत है। किसी भी व्यक्ति की त्वचा का रंग उसके वातावरण के अनुकूलन को प्रदर्शित करता है। गहरी भूरी अथवा काली त्वचा उन जगह के लिए उपयुक्त है, जहां सूर्य के किरणों की तीव्रता अधिक होती है, क्योंकि इस तरह की त्वचा नुकसानदायक परा बैंगनी किरणों द्वारा कैंसर के खतरे को रोकती हैं। कम चमकीले क्षेत्रों में यह उपाय आवश्यक नहीं है, बल्कि ऐसे स्थानों पर गहरी रंगत वाली त्वचा में विटामिन डी का निर्माण अवरुद्ध हो सकता है। इसलिय प्रारंभिक मनुष्यों के अफ्रीका से उत्तरी क्षेत्रों की और गमन के साथ ही उनके त्वचीय रंजक समाप्त होते गए एवं वे पीत वर्ण होते गए। ऊष्ण कटिबंधीय देशों में प्रकाश की अधिक्ता के बाद भी गहरी रंगत वाली त्वचा में विटामिन डी का निर्माण होता है। आज लोग जनसामान्य एक स्थान से दूसरे स्थान तक गमन करते रहते हैं एवं विभिन्न जातियों में विवाह के कारण यह विभेद अस्पष्ट होते जा रहे हैं।

# चीन में बना दुनिया का सबसे लंबा पुल



**बेहतरीन** और बेजोड़ तकनीक की मिसाल बनते जा रहे चीन ने एक बार फिर अपने दृढ़ इरादों से सपनों को हकीकत में बदल दिया है। चीन ने यहां बने दुनिया के सबसे लंबे समुद्री पुल को जनता के लिए खोल दिया। चीन के किंगडाओ शहर में बना दुनिया का सबसे लंबा पुल यातायात के लिए खोल दिया गया है। आठ मार्गों वाले इस समुद्री पुल की लंबाई 42.4 किलोमीटर है। दुनिया के सबसे लंबे पुल को बनाने में तकरीबन 4 साल का वक्त लगा। चीन की सरकारी मीडिया के मुताबिक इसे बनाने में 10 अरब युआन (यानी 1.55 अरब डॉलर) खर्च हुए हैं। इस पुल को 5,200 खंभों पर खड़ा किया गया है।


# पहला डाक टिकट



**डाक** टिकट जारी करने वाला दुनिया का सबसे पहला देश था- ग्रेट ब्रिटेन। 1 मई 1840 को ब्रिटेन में पहली डाक टिकट जारी की गई। इसके बाद दुनिया के अन्य देशों में भी डाक टिकटें शुरू हो ाईं। ब्रिटेन दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जिसकी डाक टिकटों पर उसके देश का नाम अंकित नहीं होता। यूजीलैंड की पहली डाक टिकट भी ब्रिटेन में ही डिजाइन की गई थी और 1855 में जारी की गई थी। न्यूजीलैंड द्वारा डिजाइन पहली डाक टिकट 1873 में जारी हुई थी, इस पर भी क्वीन विक्टोरिया का ही चित्र था।

# जंगल की सैर

प्यारे बच्चो, जंगल की सैर करना अपने आप में बहुत अनोखा और रोचक अनुभव है। हमारे देश में जंगलों की सैर करने से विदेशों से कई पर्यटक आते हैं। आइए अपने देश के जंगलों को जानें...



**बच्चो,** वृक्षों और वन्य प्राणियों से भरे जंगल के बारे में सोचना अपने आप में बहुत रोमांचक है। कल्पना करें, आप बहुत बड़े जंगल में वृक्षों और प्रकृतिक नजारों के बीच घिरे हैं, तो कितना मजा आए। भले ही ऐसे में जंगली जानवरों के हमले का डर रहता है, परंतु जंगल की सुरक्षात्मक तरीके से सैर करना अपने आप में बहुत रौचक है। आइए आज जंगल और वन्य प्राणियों के बारे में कुछ बातें करें।

वन्य जीवन प्रकृति की अमूल्य देन है। भविष्य में वन्य प्राणियों की समाप्ति की आशंका के कारण भारत में सर्वप्रथम 7 जुलाई, 1955 को वन्य प्राणी दिवस मनाया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष दो अक्तूबर से पूरा हफ्ता वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाएगा। वर्ष 1956 से वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। भारत के संरक्षण कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक मजबूत संस्थागत ढांचे की रचना की गई है।

जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, बोटैनिकल सर्वे आफ इंडिया जैसी प्रमुख संस्थाओं तथा भारतीय वन्य जीवन संस्थान, भारतीय वन्य अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी तथा सलीम अली स्कूल ऑफ आरिन्थोलॉजी जैसे संस्थान वन्य जीवन संबंधी शिक्षा और अनुसंधान कार्य में लगे हैं। भारत कई प्रकार के जंगलों, जीवों का, अनेक पेड़ पौधों और पशु-पक्षियों का घर है। शानदार हाथी, मोर का नाच, ऊंट की सैर, शेरों की दहाड़ सभी अनोखे अनुभव हैं। यहां के पशु पक्षियों को अपने प्राकृतिक निवासस्थान में देखना आनन्दायक है। भारत में जंगली जीवों को देखने के लिए कई देशों से पर्यटक आते हैं। यहां जंगली जीवों की बहुत बड़ी संख्या है। भारत में 70 से अधिक राष्ट्रीय उद्यान और 400 जंगली जीवों के अभयारण्य है और पक्षी अभयारण्य भी हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जंगल स्वर्ग है परन्तु अब यहां के कुछ जीव जैसे चीते, शेर, हाथी, बंगाल के शेर और साइबेरियन सारस अब खतरे में हैं। भारत की लम्बाई और चौडाई में फैला यह जंगली क्षेत्र रणथम्भोर राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान से हजारी बाघ जंगली जीव अभयारण्य, बिहार से, हिमालय के जिम कोर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, अन्डमान के छह राष्ट्रीय उद्यानों तक एक शानदार जंगल की सैर कर सकते हैं। हाथी, चीते, जंगली भैंसा, याक, हिरन, जंगली गधे एक सींग वाला गैंड़ा, साही, हिम चीते आदि जंतु हिमालय में देखने को मिलते हैं। भारत में विश्व के अस्सी प्रतिशत एक सींग वाले गैंड़ों का निवास है। काजीरंगा खेल अभयारण्य गैंड़ों के लिए उपयुक्त निवास है और प्राकृतिक संस्थाओं के लिए और जंगली सैर करने वालों के लिए भी

- संसार में पौधों की 2,50,000 ज्ञात प्रजातियों में से 15,000 प्रजातियां भारत में मिलती हैं।
- संसार में जीव-जन्तुओं की कुल 15 लाख प्रजातियों में से 75,000 प्रजातियां भारत में पाई जाती हैं।
- भारत में पक्षियों की 1,200 प्रजातियां और 900 उपप्रजातियां पाई जाती हैं।
- भारत के सुविख्यात पक्षियों में बहुरंगी राष्ट्रीय पक्षी मोर उल्लेखनीय है।
- पांच फुट की ऊंचाई वाला भव्य सारस तथा संसार का दूसरा सबसे भारी पक्षी हुकना (सोहनचिड़िया) महत्वपूर्ण पक्षी है।
- संसार में प्रसिद्ध केवलादेव (भरतपुर) के राष्ट्रीय उद्यान में ढाई लाख पक्षियों का घर है।

अच्छी जगह है। भारत के सोन चिड़िया और ब्लैक बक, करेश अभयारण्य में होते हैं। माधव राष्ट्रीय उद्यान में, जो शिवपुरी राष्ट्रीय उद्यान कहलाता था, जीवों का एक निवास है। कोर्बोट राष्ट्रीय उद्यान सबसे प्रसिद्ध है। उत्तर भारत में जंगली जानवरों के पर्यटकों के लिए अच्छी जगह है। ऐसे अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान, भारत में काफी संख्या में हैं। भारत में शेरों (बाघ) की संख्या बहुत थी। भारत का राष्ट्रीय पशु, शेर, तेजी और ताकत का चिन्ह है। भारत में बारह बाघ निवास है। शाही बंगाल के बाघ, सबसे शानदार जाति के पशुओं में से हैं। विश्व के साठ प्रतिशत शेरों की संख्या भारत में रही है। मध्य प्रदेश, शेरों के निवास की सबसे प्रसिद्ध जगह है। जंगली जीवों के साथ-साथ हमारे देश में पक्षियों की भी संख्या अच्छी है।

## किस्से

# रानी की उबासी का हल ढूंढा तेनालीराम ने

## रानी की उबासी

**एक** दिन तेनाली राम को संदेश मिला कि रानी तिरुमलादेवी बड़ी मुसीबत में हैं और उनसे मिलना चाहती है। वह रानी के पास पहुंचा। उसे पता चला कि एक दिन राजा कृष्णदेव राय रानी को अपना लिखा नाटक सुना रहे थे कि रानी को उबासी आ गई। राजा ऐसे नाराज हुए कि उसी समय उठकर चले गए और तब से कई दिन हो गए हैं, इस ओर नहीं आए। रानी ने कहा, 'इसमें मेरा कोई दोष नहीं था। मैंने क्षमा मांगी, पर कोई असर नहीं हुआ। तेनाली राम तुम्हीं अब इस समस्या को सुलझा सकते हो।'




'आप चिन्ता न करें, महारानी, मैं अपनी ओर से पूरा प्रयत्न करूंगा।' तेनाली राम ने रानी को ढांढस बंधाया।

वहां से तेनाली राम दरबार पहुंचा। राजा अपनी राज्य के किसी क्षेत्र में चावल की स्थिति पर अपने मंत्रियों से सलाह कर रहे थे। 'चावल की उपज बढ़ाना बहुत आवश्यक है। राजा ने कहा, 'हमने अब तक बहुत प्रयत्न किए हैं। इस से लाभ हुआ है, लेकिन अभी समस्या पूरी तरह नहीं सुलझी है।

'महाराज!' तेनाली राम ने चावल के नमूने का एक बीज राजा को दिखाते हुए कहा-'अगर यह बीज बोया जाए, तो उपज इस साल की उपज से तिगुनी होगी।'यह तो बहुत अच्छा होगा, लेकिन इसके लिए शायद विशेष तरह की भूमि और खाद की आवश्यकता होगी। राजा ने कहा। नहीं, महाराज, इसके लिए केवल इतना आवश्यक है कि इसे बोने, सींचने और काटने वाला व्यक्ति ऐसा हो, जिसे न कभी उबासी आई हो और न कभी आएगी।' तेनाली राम बोला।


'तुम्हारे जैसा मूर्ख मैंने कभी नहीं देखा, 'राजा ने कहा, 'क्या संसार में ऐसा कोई व्यक्ति है, जिसे कभी उबासी न आई हो ? 'मैं तो भूल ही गया था। सचमुच मैं बहुत मूर्ख हूं।'तेनाली राम बोला, 'अच्छा हुआ कि महाराज को यह बात याद आ गई। मैं अभी जाकर महारानी तिरुमलादेवी को अपनी इस मूर्खता के बारे में बताता हूं।'नहीं, नहीं, मैं स्वयं जाकर उन्हें बता दूंगा। राजा ने कहा। दरबार में हंसी का फव्वारा छूट पड़ा। दरबार के बाद महाराज रानी के महल में गए। दोनों में सुलह हो गई। राजा ने तेनालीराम को सोने की एक थैली भेंट की, रानी ने भी तेनालीराम को बहुमूल्य उपहार दिए।

# रास्ता ढूंढो



## लोक-कथा

# घोड़े ने जताई और सुंदर बनने की चाह



**एक** समय की बात है। भगवान के पास एक घोड़ा था जो बहुत ही हष्ट-पुष्ट और सुंदर था। वह भगवान का चहेता भी था। इसके बावजूद भी घोड़ा संतुष्ट नहीं था। वह और सुंदर बनना चाहता था।

एक दिन घोड़े ने भगवान से कहा- हे प्रभु! आपने मुझे बहुत सुंदर बनाया, अपना स्नेह दिया। लेकिन अब मेरी इच्छा है कि आप मुझे और सुंदर बना दें। तो मैं आपका और आभार मानूंगा। भगवान ने जवाब दिया- मैं तुम्हें और सुंदर बनाने को तैयार हूं। बताओ तुम क्या बदलाव चाहते हो अपने में।

घोड़े ने कहा कि मेरा शरीर पूरी तरह से संतुलित नहीं है। मेरी गरदन बहुत छोटी है। हो सके तो मेरी गरदन को थोड़ा लम्बा कर दें। ताकि मेरे शरीर का ऊपरी हिस्सा सुंदर बन जाएं। इसके साथ ही पैरों को थोड़ा और लम्बा व पतला बना दें ताकि शरीर का निचला हिस्सा भी सुंदर बन जाए। भगवान ने कहा तथास्तु!

अचानक घोड़ा ऊंट जैसा दिखने लगा। यह देखकर घोड़ा चौंक गया और रोने लगा-हे भगवान मैं तो और सुंदर बनना चाहता था ये आपने क्या किया? भगवान ने कहा कि तुम अब ऊंट बन गए हो यही तो तुम चाहते थे।


घोड़ा रोने लगा नहीं मैं ऊंट नहीं बनना चाहता। मैं तो घोड़ा ही बने रहना चाहता हूं। घोड़े के रूप में सभी मुझे पसंद करते हैं लेकिन ऊंट के रूप में कोई नही करेगा।

भगवान ने कहा कि मैंने तुम्हें जितना दिया तुम उसी में संतुष्ट रहना सीखो। तुम्हें ज्यादा पाने की आशा नहीं करनी चाहिए। इससे तुम्हें हर पल और पाने का लालच रहेगा। इसका तुम्हें बुरा परिणाम भी भुगतना पड़ सकता है।


भगवान ने कहा कि दुनिया में मेरी बनाई हुई अहर चीज की अपनी एक लग खूबी है। ऊंट तुम्हारी तरह सुंदर नहीं है। फिर भी उसे अपने रूप से कोई शिकायत नहीं है। वह भारी बोझ उठाता है, उसमें अपनी जिम्मेदारी समझने और उसी में संतुष्ट रहने की क्षमता है।

घोड़े ने गिड़गिड़ाते हुए भगवान से कहा- मैं समझ गया। आप मुझे फिर से घोड़ा बना दें और भगवान ने उसे फिर से घोड़ा बना दिया।

हम बताएं, आप बनाएं



# बर्गर खाने का रिकॉर्ड



**डॉन** गोर्सके के पास बिग मैक बर्गर खाने का विश्व रिकॉर्ड है। अमरीका में जेल के एक रिटायर संतरी ने 25,000 बर्गर (बिग मैक) खाए हैं। बिग मैक बहुत बड़े साइज का बर्गर होता है। डॉन गोर्सके ने पहला बर्गर ठीक 39 साल पहले खाया था। उनका कहना है कि वह मरते दम तक बिग मैक बर्गर खाते रहेंगे।

# इंद्रधनुष के रंग



**सूरज** जब क्षितिज से 40 डिग्री से कम का कोण बनाता है, तभी इंद्रधनुष निकलते हैं। आपके पास खड़े व्यक्ति को आपसे थोड़े भिन्न एंगल से रोशनी आती हुई दिखाई देगी। इसलिए आपको एक भिन्न इंद्रधनुष दिखाई देगा।

# 96 लाख की परफ्यूम की शीशी




**क्लाइव** क्रिश्चियन का इंपीरियल मैजेस्टी दुनिया का सबसे महंगा परफ्यूम है। इसकी एक बोतल की कीमत लगभग 96 लाख रुपए है। एक ब्रिटिश डिजाइनर ने यह परफ्यूम तैयार किया था।

# चांद पर सोना-चांदी



**धरती** के एकमात्र उपग्रह चंद्रमा पर जल होने की घोषणा के बाद अब नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद्रमा पर उपयोगी पदार्थों का अप्रत्याशित बेशकीमती खजाना मौजूद है जिसमें चांदी और सोना भी शामिल है।

# बिना ड्राइवर के कार



**सन्** 2050 तक हो सकता है आप सड़कों पर बिना ड्राइवर वाल कार चलती देखें। वैज्ञानिकों का कहना है, तब कार चलाने के लिए स्टीयरिंग पर हाथ और ब्रेक पर पैर रखना कानूनन अपराध माना जाएगा।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

पाकिस्तानी पूर्व मेजर जनरल ने कबूला:

# PAK ने ही शुरू किया कश्मीर विवाद, कश्मीरियों को बनाया ढाल




**इस्लामाबाद (एजेंसी):**

पाकिस्तान के एक पूर्व मेजर जनरल ने कबूल किया है कि कश्मीर में विवाद पैदा करने के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। इसके लिए पाकिस्तान ने कश्मीरियों को ही ढाल बनाया है। यह खुलासा पाकिस्तान के मेजर जनरल अकबर खान ने अपनी किताब 'रेडर्स इन कश्मीर' में किया है अपनी किताब में भारत की आजादी के बाद कश्मीर हथियाने के मंसूबे को लेकर अभियान की कमान संभालने वाले तत्कालीन पाकिस्तान के मेजर जनरल अकबर खान ने लिखा 26 अक्तूबर, 1947 को पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने बारामूला पर कब्जा किया, जहां 14,000 के मुकाबले सिर्फ 3,000 लोग जिंदा बचे थे। जब पाकिस्तानी सेना श्रीनगर से 35 किमी दूर रह गई, तब महाराजा हरि सिंह ने भारत सरकार से कश्मीर के अधिग्रहण के लिए पत्र लिखा। किताब में बताया गया है कि पाकिस्तान ने कश्मीर हथियाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया, मगर भारतीय सैनिकों ने वक्त रहते पाकिस्तानी सेना के मंसूबों पर पानी फेर दिया। अकबर खान ने लिखा है कि 1947 में सितंबर की शुरुआत में तत्कालीन मुस्लिम लीग के नेता मियां इफ्तिखारुद्दीन ने उनसे कहा था कि वह कश्मीर अपने कब्जे में लेने की योजना बनाएं। आखिरकार, मैंने योजना बनाई, जिसका नाम 'कश्मीर में सैन्य विद्रोह' रखा गया। हमारा मकसद था आंतरिक तौर पर कश्मीरियों को मजबूत करना, जो भारतीय सेना के खिलाफ विद्रोह कर सकें। यह ध्यान में रखा गया कि कश्मीर में भारत की ओर से किसी तरह की कोई सैन्य मदद नहीं मिल सके।' अकबर खान ने लिखा, मुझे लाहौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत खान से मिलने को कहा गया। मैं वहां पहुंचा, मगर पहले मैं प्रांतीय सरकार के सचिवालय में एक सम्मेलन में गया। आयोजन पंजाब सरकार में मंत्री रहे सरदार शौकत हयात खान के दफ्तर में हुआ। मैंने देखा कि मेरी प्रस्तावित योजना की प्रति किसी के हाथ में थी। 22 अक्तूबर को पाकिस्तानी सेना ने सीमा पार की और 24 अक्तूबर को मुजफ्फराबाद और डोमेल पर हमला किया, जहां डोगरा सैनिकों को पीछे हटना पड़ा। अगले दिन हम श्रीनगर रोड पर निकले और फिर उरी में डोगराओं को पीछे हटाया। 27 अक्तूबर को भारत ने कश्मीर में सेना भेज दी। पाकिस्तान के पीएम ने 27 अक्तूबर की शाम हालात के मद्देनजर लाहौर में बैठक बुलाई। इसमें तत्कालीन रक्षा सचिव और बाद में पाकिस्तान के गवर्नर जनरल रहे कर्नल इसकदर मिर्जा, महासचिव चौधरी मोहम्मद अली, फ्रंटियर प्रांत के मुख्यमंत्री अब्दुल कयूम खान, पंजाब के सीएम नवाब मामदोत, ब्रिगेडियर स्लायर खान और मैं था। बैठक में मैंने प्रस्ताव दिया कि कश्मीर में घुसपैठ के लिए सेना को इस मकसद के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सिर्फ आदिवासियों को वहां भेजा जाए। अकबर खान ने लिखा है कि पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर में घुसपैठ के लिए आदिवासियों की मदद ली। 28 अक्तूबर, 1947 को अकबर खान को पाकिस्तान के **PM** का सैन्य सलाहकार बना दिया गया।

# चुनावी रैली में रिपब्लिकन सीनेटर ने कमला हैरिस के नाम का उड़ाया मजाक

**वाशिंगटन (एजेंसी):**



रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर डेविड परड्यू ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी के समर्थन में जॉर्जिया में हुई एक चुनावी रैली में डेमोक्रेटिक पार्टी की उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस का लगातार गलत नाम ले कर उनका मजाक उड़ाया। शुक्रवार को मेकन में एक रैली में परड्यू ने हैरिस के लिए कहा ''काह-मह-ला? कमला- मला-मला? पता नहीं क्या है''। उनके यह कहते ही दर्शक हंसने लगे। परड्यू के प्रवक्ता ने कहा कि उनका ऐसा कोई अभिप्राय नहीं था। प्रमुख सियासी दल के टिकट पर उम्मीदवारी पाने वाली पहली अश्वेत महिला बनीं हैरिस के नाम का उनके राजनीतिक विरोधी बार-बार गलत उच्चारण करते हैं। ट्रंप और उप राष्ट्रपति माइक पेंस भी हैरिस का नाम गलत तरीके से ले चुके हैं। सिर्फ रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य ही नहीं बल्कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा समेत कुछ डेमोक्रेट सदस्य भी उनके नाम का गलत उच्चारण कर चुके हैं। हैरिस की प्रवक्ता सबरीना सिंह ने परड्यू की टिप्पणियों के जवाब में एक ट्वीट किया, ''यह तो बहुत अधिक नस्लवादी है। मतदान करके उन्हें बाहर करो।'' परड्यू के अभियान की प्रवक्ता केसी ब्लैक ने ट्वीट किया जिसमें कहा कि सीनेटर परड्यू ने ''सीनेटर हैरिस के नाम का गलत उच्चारण गलती से किया।''

# कोरोना ने लाखों लोगों का जीवन कर दिया बर्बाद, मदद के लिए आगे आएं धनी लोग: WFP

**(एजेंसी)।**

नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के प्रमुख डेविड बीसली ने एक बार फिर अरबपति लोगों से आग्रह किया है कि वे लाखों जीवन बचाने के लिए कुछ अरब (डॉलर) दान दें। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बाद भुखमरी की ओर बढ़ रहे लोगों की संख्या 13.5 करोड़ से बढ़कर 27 करोड़ हो गयी है। बीसली ने कहा कि मानवता को अभी मदद की दरकार है... यह एक बार का अनुरोध है। दुनिया एक चौराहे पर खडी है और हमें अरबपतियों से इस संबंध में कदम बढ़ाने की उम्मीद है।



**अरबपतियों की संपत्ति में हुई वृद्धि**

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अप्रैल से जुलाई के बीच लगभग 2,200 अरबपतियों की वैश्विक संपत्ति में 20 खरब डॉलर की वृद्धि हुई। वह स्विस बैंक यूबीएस और लेखा कंपनी पीडब्ल्यूसी द्वारा पिछले सप्ताह प्रकाशित एक अध्ययन का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी आपदाओं में से एक से लाखों लोगों की जान और मानवता को बचाने के लिए कुछ अरब डॉलर की जरूरत है।

**कोरोना के चलते बदल गई स्थिति**

बीसली ने कहा कि धनी देशों ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए अपने नागरिकों की खातिर 170 खरब डॉलर का आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज दिया है और यह राशि 2021 के लिए उपलब्ध नहीं होने वाली है। बीसली ने कहा कि इस साल कई सरकारें संयुक्त राष्ट्र और इसकी एजेंसियों को अधिक पैसा दे सकती थीं लेकिन अब वे ऐसी स्थिति में नहीं हैं।

**अरबपतियों की मदद बहुत जरूरी**


डब्ल्यूएफपी के प्रमुख ने कहा कि मध्यम और निम्न-आय वाले देशों के लिए ऋणों को जनवरी 2021 तक रोक दिया गया या स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा आठ खरब डॉलर की ऋण सेवाएं आने वाली हैं। इसके अलावा विकासशील देशों में विदेशों से लोगों द्वारा अपने परिवारों को भेजी जाने वाली राशि भी कम हो गयी है। लॉकडाउन भी स्थिति को बिगाड़ने में सहायक रहा। बीसली ने कहा कि यह एक भयावह स्थिति है। इसलिए 2021 के लिए अरबपतियों द्वारा एकमुश्त राशि दिया जाना बहुत जरूरी है।

# व्हाइट हाउस ने अमेरिकी हथियार नियंत्रण प्रस्ताव पर पुतिन का जवाब किया खारिज

**वाशिंगटन (एजेंसी)**



अमेरिका और रूस ने सामरिक परमाणु बलों पर अपने अंतिम कानूनी पेंच को दूर करने संबंधी एक दूसरे के प्रस्ताव शुक्रवार को खारिज कर दिया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'न्यू स्टार्ट' संधि को बिना किसी शर्त के आगे बढ़ाने की मांग की है। इस संधि की समयसीमा जल्दी ही समाप्त होने वाली है। वहीं व्हाइट हाउस ने इसे ''बेकार'' बताया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन ने कहा कि रूस अपने रुख पर दोबारा विचार करे। ट्रंप ने दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के अभियान के अंतिम दिनों में अपनी विदेश नीति रिकॉर्ड के बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया, और यद्यपि वह कहते हैं कि वह परमाणु हथियार नियंत्रण के पक्षधर हैं लेकिन उन्होंने 'न्यू स्टार्ट'' संधि को त्रुटिपूर्ण बताया और कहा कि यह अमेरिका के पक्ष में नहीं है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति दमित्रि मेदवेदेव ने 2010 में 'न्यू स्टार्ट' संधि पर हस्ताक्षर किए थे और यह फरवरी में 2021 समाप्त होने वाली है। पुतिन ने शुक्रवार को न्यू स्टार्ट को बिना किसी शर्त के कम से कम एक साल बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा,'' इतने वर्षों में न्यू स्टार्ट ने काम किया और हथियार की दौड़ को सीमित करके की अहम भूमिका को निभाया है। वहीं ब्रायन ने कहा, '' परमाणु हथियार पर रोक लगाए बिना न्यू स्टार्ट को बढ़ाने का राष्ट्रपति पुतिन का जवाब किसी काम का नहीं है।''



# ट्रंप को अलगाव और उथल-पुथल में आनंद आता है : बाइडेन

**न्यूयार्क:** डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अलगाव और उथल-पुथल में 'आनंद' आता है और वह कोविड-19 से निपटने में अपनी विफलताओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। शुक्रवार को मिशिगन के साउथफील्ड में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि कोविड-19 पर ट्रंप की नीतियों की वजह से देश को भारी कीमत चुकाना पड़ रही है। उन्होंने कहा, '' नफरत कभी खत्म नहीं होती। यह सिर्फ छुप जाती है और अगर इसे ऑक्सीजन मिल जाए तो यह बढ़ने लगती है। अमेरिका में राष्ट्रपति से लेकर आम लोगों तक नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।'' बाइडेन ने कहा, '' राष्ट्रपति ट्रंप को अलगाव और उथल-पुथल में आनंद आता है। कोरोना वायरस से निपटने और इस देश की रक्षा करने में उनकी विफलताओं से हमारा ध्यान हट जाए, इसके लिए वह कुछ भी कर सकते हैं।'' राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने कहा, '' वह अब भी सपनों की दुनिया में जी रहे हैं और लगातार हमें यह कह रहे हैं कि किसी चमत्कार की तरह वायरस इस दुनिया से लापता होने जा रहा है।''

# पाकिस्तानी सेना और ISI ने बनवाई इमरान की ''कठपुतली सरकार'' : नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद (एजेंसी):**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने देश की सेना और खुफिया एजेंसी **ISI** पर उन्हें अपदस्थ करने और इमरान खान को सत्ता में ला कर अपनी ''कठपुतली सरकार'' बनवाने का आरोप लगाया। शरीफ लाहौर से लगभग 80 किमी दूर गुजरांवाला में 11 विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (**PDM**) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुक्रवार देर रात लंदन से वीडियो लिंक के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। विपक्षी दलों ने 20 सितंबर को पीडीएम के गठन और तीन चरण में सरकार विरोधी अभियान चलाने की घोषणा की थी। इसके तहत इमरान खान की अगुवाई वाली पाकिस्तान तहरीके इंसाफ सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश भर में जन सभाएं, प्रदर्शन और रैलियां की जाएंगी। जनवरी 2021 में इस्लामाबाद के लिए लंबा मार्च निकाला जाएगा। सैन्य नेतृत्व पर निशाना साधते हुए, शरीफ ने कहा, ''(सेना प्रमुख) जनरल कमर जावेद बाजवा ने मेरी सरकार को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि बाजवा ने ही 2018 के चुनावों में धांधली की और नाकाबिल इमरान खान को देश पर थोप दिया।

जनरल बाजवा प्रत्यक्ष अपराधी हैं और उन्हें इसके लिए जवाब देना होगा। उन्होंने उनकी सरकार गिराने के पीछे इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (**ISI**) का हाथ होने का भी आरोप लगाया और कहा कि पूरा प्रकरण **ISI** प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद की मदद से हुआ।

# WHO का दावा: कोरोना उपचार में ये चार दवाएं बिल्कुल भी कारगर साबित नहीं हुई

**लॉस एंजलिस:**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (**WHO**) ने कोरोना उपचार में उपयोग की गई दवाओं को लेकर चौंकाने वाला दावा किया है। **WHO** का कहना है कि इन चारों दवाओं रेमडेसिविर, हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन, लोपिनाविर/रिटोनाविर और इंटरफेरोन का कोविड-19 मरीजों पर या तो बेहद कम असर हुआ अथवा बिल्कुल भी कारगर साबित नहीं हुईं। **WHO** ने कहा कि कोरोना उपचार को लेकर विश्व भर में बड़े स्तर पर किए गए अलग-अलग अध्ययन से इस बात के 'निर्णायक साक्ष्य' मिले कि गंभीर रूप से बीमार लोगों पर रेमडेसिविर दवा का बेहद कम प्रभाव रहा। यानि की यह दवा बिल्कुल भी कारगर साबित नहीं हुई। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीमार पड़ने पर उपचार के लिए इस दवा का उपयोग किया गया था। **WHO** ने शुक्रवार को अपने छह माह लंबे चले एक समग्र चिकित्सा विज्ञान परीक्षण के नतीजों की घोषणा की। इस परीक्षण का मकसद यह जानना था कि वर्तमान में उपलब्ध दवाएं कोरोना वायरस संक्रमण के उपचार में कितनी प्रभावी हो सकती हैं।



अमेरिका ने मलेरिया के इलाज में उपयोग की जाने वाली रेमडेसिविर दवा को विशेष परिस्थितियों में कोविड-19 के इलाज में उपयोग के लिए वर्गीकृत किया है। साथ ही ब्रिटेन और यूरोपिय संघ ने भी कोरोना वायरस संक्रमण के इलाज के लिए इस दवा को मंजूरी दी हुई है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मार्टिन लेंड्रे ने कहा कि हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन और लोपिनाविर को लेकर डब्ल्यूएचओ द्वारा किए गए अध्ययन के नतीजे लगभग उसी दिशा में हैं, जैसा कि ब्रिटेन में उनके सह-नेतृत्व में किए गए अध्ययन में सामने आए थे। उन्होंने एक बयान में कहा कि डब्ल्यूएचओ के अध्ययन से सबसे अहम निष्कर्ष यह निकलकर आया है कि कोविड-19 के इलाज में रेमडेसिविर का कोई खास प्रभाव नहीं है।

## बलूचिस्तान में सुरक्षाबलों पर आतंकी हमला, 15 की मौत



**पेशावर:** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में उग्रवादियों ने पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा में जा रहे पाकिस्तानी तेल एवं गैस कर्मचारियों के काफिले पर हमला किया, जिसमें अे र्द्धसैनिक बल के 8 जवानों सहित 15 लोगों की मौत हो गई। ।शुरू में हमले का दावा बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने किया लेकिन बाद में एक नए उग्रवादी संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी ली। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ग्वादर के ओरमारा शहर में उस समय किया गया, जब सरकारी आयल एंड गैस डिवलपमेंट कंपनी का काफिला कराची के लिए जा रहा था। हमले के दौरान आतंकवादियों ने वाहनों में भी आग लगा दी। हमला सुनियोजित था और हमलावरों को पहले से ही काफिले के गुजरने की खबर लग गई थी। सुरक्षा बलों ने अपनी जान गंवाने के बावजूद काफिले को सुरक्षित निकाल दिया। मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों को भी काफी नुकसान हुआ है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली है और दहशतगर्दो की तलाश की जा रही है। अधिकारी ने बताया, बलूचिस्तान के एक संगठन बलूच राजी अजोय सिंगर (बीआरएएस)ने ट्विटर पर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। सुरक्षा बल इसकी जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का केन्द्र बिन्दु है।

# विपक्ष के जाल में फंसे PM इमरान, मोदी सरकार ने भी बढ़ाई परेशानियां



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान की कुर्सी खतरे में है। इमरान को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए विपक्ष ने कमर कस ली है ।16 अक्तूबर शुक्रवार को 11 विपक्षी पार्टियों के नवगठित गठबंधन ने महारैली के जरिए इमरान खान को स्पष्ट संदेश दे दिया कि अब उनकी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (**PDM**) के बैनर तले गुजरांवाला के जिन्ना स्टेडियम मेंबड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और इमरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

**उखाड़ फेंको इमरान सरकार: नवाज**

पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने लंदन से इस महारैली को संबोधित किया। उन्होंने इमरान खान पर हमला बोलते हुए कहा कि इमरान के कार्यकाल में पाकिस्तान आर्थिक बदहाली की स्थिति में पहुंच गया है। 1.5 करोड़ लोग बेरोजगार हुए हैं। अब वक्त आ गया है कि ऐसी सरकार को उखाड़ फेंका जाए। इमरान खान के खिलाफ महागठंबधन का नेतृत्व मौलाना फजलुर्रहमान कर रहे हैं। पिछले साल भी फजलुर्रहमान ने इमरान के खिलाफ मोर्चा निकाला था। इमरान को सत्ता में आए दो साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन वे कुछ खास करने में नाकाम रहे हैं। उनके कार्यकाल में पाकिस्तान कंगाल हो गया है। दूसरे देशों से कर्ज मांग कर पाकिस्तान अपना खर्च चला रहा है। महंगाई भी आसमान पर जा पहुंची । इतना ही नहीं, आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बार-बार बदनामी भी हुई है।

**इमरान की परेशानियां बढ़ा रही मोदी सरकार**

भारत की कश्मीर नीति ने भी इमरान खान की परेशानियों में बढ़ाई हैं। पाकिस्तान की सरकारें कश्मीर में दहशत फैलाकर समर्थन हासिल करती हैं, लेकिन मोदी सरकार के राज में यह संभव नहीं हो सका है। कश्मीर में पाकिस्तान की सेना की एक भी साजिश अब काम नहीं आ रही है. इसके अलावा, कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तानी की साजिश का भी उसे मुंहतोड़ जवाब मिला है। इसलिए पाकिस्तान में इमरान खान को नापसंद करने वालों की तादाद में इजाफा हुआ है। कहा तो यहां तक जाने लगा है कि सेना भी इमरान खान का साथ देने के लिए तैयार नहीं है।

# कोरोना वायरस: बेल्जियम में लगेगा कर्फ्यू, कैफे और रेस्तरां बंद

**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम में कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रसार को रोकने के लिए देशव्यापी कर्फ्यू लगाने समेत सख्त उपाय अपनाने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डे क्रो ने परामर्श समिति की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सोमवार से पूरे देश में कर्फ्यू लागू हो जाएगा और यह मध्यरात्रि से सुबह पांच बजे तक रहेगा। उन्होंने कहा कि कैफे और रेस्तरां एक महीने के लिए बंद रहेंगे प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम कोविड-19 बैरोमीटर के चौथे चरण में हैं, वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण, मौतों के आंकड़ें मार्च और अप्रैल से अधिक हैं। यह आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं और या दोगुने भी हो रहे हैं।'' शुक्रवार को सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान साईनसैनो की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार बेल्जियम में छह अक्टूबर से 12 अक्टूबर के दौरान प्रतिदिन कारोना के औसत 5,976 नये मामले सामने आये हैं जो कि संक्रमण में तेजी से बढ़ोतरी को दिखाता है। बेल्जियम में अभी तक कोरोना के 191,959 मामले सामने आये हैं और 10,327 लोगों की मौत हुई है।

# दुनियाभर में कोरोना से करीब 4 करोड़ संक्रमित, 11 लाख से ज्यादा की मौत

**वाशिंगटन (एजेंसी)।**

विश्वभर में कोरोना वायरस (कोविड-19) से 11.03 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई है 3.92 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व में कोरोना वायरस से अब तक 3.92 करोड़ लोग संक्रमित हुए हैं और 11.03 लाख लोगों की मौत हुई है। इस वैश्विक महामारी से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में संक्रमण से अब तक 2.18 लाख लोगों की मौत हो चुकी है और 80.48 लाख लोग संक्रमित हुये हैं। भारत में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के 62,212 नये मामले दर्ज किये गये हैं और संक्रमितों की कुल संख्या अब 74.36 लाख हो गयी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में इस समय कोरोना के कुल 7.95 लाख सक्रिय मामले हैं जबकि अब तक 65.24 लाख लोग इससे स्वस्थ हो चुके हैं। ब्राजील में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 52 लाख से अधिक हो गयी है जबकि करीब 1.53 लाख से अधिक लोगों मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 13.61 लाख से अधिक हो गई है और 23,580 लोगों ने जान गंवाई है। वहीं अर्जेंटीना में कोविड-19 से अब तक 9.65 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 25,723 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलंबिया में इस जानलेवा वायरस से अब तक 9.45 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 28,616 लोगों ने जान गंवाई है। स्पेन में इस प्राण घातक वायरस की चपेट में अब तक 9.36 लाख से ज्यादा लोग आए हैं तथा 33,775 लोगों ने जान गंवाई है। फ्रांस में इसकी चपेट में अब तक 8.76 लाख से अधिक लोग आए हैं तथा 33,325 लोगों की मृत्यु हुई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यहां इस वायरस से अब तक 8.59 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 33,577 लोगों की मौत हो चुकी है। मेक्सिको में कोरोना से अब तक 8.41 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 85,704 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दक्षिण अफ्रीका में सात लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 18,370 लोगों की मृत्यु हुई है। ब्रिटेन में कोरोना से अब तक 6.92 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 43,519 लोगों की मौत हुई है। ईरान में इस महामारी से 5.22 लाख से अधिक लोग संक्रमित है और 29,870 लोगों की मौत हो चुकी है। चिली में कोरोना से 4.88 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 13,529 लोगों की मौत हुई है। इराक में कोरोना संक्रमितों की संख्या 4.20 लाख से पार हो गयी है और 10,142 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में इस जानलेवा वायरस से 3.91 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 36,427 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में संक्रमितों की संख्या 3.86 लाख से अधिक हो गई है और 5,623 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में अब तक इस वायरस की चपेट में 3.59 लाख से अधिक लोग आए हैं तथा 9,767 लोगों की मौत हुई है। इंडोनेशिया में संक्रमितों की संख्या 3.53 लाख से अधिक हो गयी है तथा 12,347 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलीपींस से कोरोना में अब तक 3.51 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 6,531 लोगों की मौत हुई है। तुर्की में इस महामारी से अब तक 3.43 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 9,153 लोगों की मौत हो चुकी है। सऊदी अरब में भी कोरोना के 3.41 लाख से अधिक मामले सामने आए हैं जबकि 5,144 लोगों की मौत हो चुकी हैं। पाकिस्तान में कोरोना से अब तक 3.22 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 6,638 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना वायरस से इक्काडोर में 12,357, बेल्जियम में 10,359, कनाडा में 9,781, बोलीविया में 8,439, नीदरलैंड में 6,765, मिस्र में 6,099, स्वीडन में 5,918, रोमानिया में 5,749, यूक्रेन 5,551, चीन में 4,739, ग्वाटेमाला में 3,478, पोलैंड में 3,440, होंडुरास में 2,556 और पनामा में 2,546 लोगों की मौत हो चुकी है।

# जयशंकर बोले- एलएसी पर हथियारों के साथ चीनी सैनिकों की मौजूदगी बहुत गंभीर सुरक्षा चुनौती



न्यूयॉर्क। (एजेंसी)

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बड़ी संख्या में हथियारों से लैस चीनी सैनिकों की मौजूदगी भारत के समक्ष ''बहुत गंभीर'' सुरक्षा चुनौती है। जयशंकर ने कहा कि जून में लद्दाख सेक्टर में भारत-चीन सीमा पर हिंसक झड़पों का बहुत गहरा सार्वजनिक और राजनीतिक प्रभाव रहा है तथा इससे भारत और चीन के बीच रिश्तों में गंभीर रूप से उथल-पुथल की स्थिति बनी है। एशिया सोसाइटी की ओर से आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा, ''सीमा के उस हिस्से में आज बड़ी संख्या में सैनिक (पीएलए के) मौजूद हैं, वे हथियारों से लैस हैं तथा यह हमारे समक्ष बहुत ही गंभीर सुरक्षा चुनौती है।'' पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून को हिंसक झड़प में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए थे जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बहुत बढ़ गया था। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी के जवान भी हताहत हुए थे लेकिन उसने स्पष्ट संख्या नहीं बताई। जयशंकर ने कहा कि भारत ने पिछले 30 साल में चीन के साथ संबंध बनाए हैं और इस रिश्ते का आधार वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अमन-चैन रहा है। उन्होंने कहा कि 1993 से लेकर अनेक समझौते हुए हैं जिन्होंने उस शांति और अमन-चैन की रूपरेखा तैयार की, जिसने सीमावर्ती क्षेत्रों में आने वाले सैन्य बलों को सीमित किया, तथा यह निर्धारित किया कि सीमा का प्रबंधन कैसे किया जाए औरसीमा पर तैनात सैनिक एक-दूसरे की तरफ बढ़ने पर कैसा बर्ताव करें।

जयशंकर ने कहा, ''इसलिए अवधारणा के स्तर से व्यवहार के स्तर तक, पूरी एक रूपरेखा थी। अब हमने इस साल क्या देखा कि समझौतों की इस पूरी श्रृंखला को दरकिनार किया गया। सीमा पर चीनी बलों की बड़ी संख्या में तैनाती स्पष्ट रूप से इन सबके विपरीत है।'' उन्होंने कहा, ''और जब एक ऐसा टकराव का बिंदु आया जहां विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में सैनिक एक-दूसरे के करीब आए, तो 15 जून जैसी दुखद घटना घटी।'' जयशंकर ने कहा, ''इस नृशंसता को ऐसे समझा जा सकता है कि 1975 के बाद जवानों की शहादत की यह पहली घटना थी। इसने बहुत गहरा सार्वजनिक राजनीतिक प्रभाव डाला है और रिश्तों में गंभीर रूप से उथल-पुथल मची है।'' सीमा पर चीन ने वास्तव में क्या किया और क्यों किया, इस प्रश्न के उत्तर में विदेश मंत्री ने कहा, ''मुझे दरअसल कोई तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं मिला है।'' एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टिट्यूट के विशेष आयोजन में जयशंकर ने संस्थान के अध्यक्ष और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री केविन रड से बातचीत की। दोनों ने जयशंकर की नयी पुस्तक 'द इंडिया वे- स्ट्रेटेजीस फॉर एन अनसर्टेन वर्ल्ड' पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2018 में वुहान शिखर वार्ता के बाद पिछले साल चेन्नई में इसी तरह की शिखर वार्ता हुई थी और इसके पीछे उद्देश्य था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग साथ समय बिताएं, अपनी चिंताओं के बारे में एक-दूसरे से सीधी बातचीत करें। जयशंकर ने कहा, ''इस साल जो हुआ, वह वाकई बड़ा विचलन था। यह न केवल बातचीत से बहुत अलग रुख था, बल्कि 30 साल में रहे संबंधों से भी बड़ा विचलन था।

## सार समाचार

### असम में मदरसों और संस्कृत केन्द्रों को बंद करने की अधिसूचना नवंबर में जारी की जाएगी: सरमा

गुवाहाटी। असम के शिक्षा मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कहा कि राज्य में सरकार द्वारा संचालित सभी मदरसों और संस्कृत केन्द्रों को बंद करने की अधिसूचना नवंबर में जारी की जाएगी। सरमा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मदरसा शिक्षा बोर्ड को भंग कर सरकार द्वारा संचालित सभी मदरसों को हाई स्कूलों में तब्दील कर दिया जाएगा। नियमित छात्रों की तरह सभी स्कूलों में दाखिले दिये जाएंगे। उन्होंने कहा, अंतिम वर्ष के छात्रों को पास होने के बाद स्कूल छोड़ने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि इन स्कूलों में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों को नियमित छात्रों की तरह पढ़ाई करनी होगी। मंत्री ने कहा कि संस्कृत केन्द्रों को कुमार भास्करवर्मा संस्कृत विश्वविद्यालय के सुपुर्द कर शिक्षण तथा अध्ययन केन्द्रों में तब्दील किया जाएगा, जहां भारतीय संस्कृति,सभ्यता और राष्ट्रवाद की शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा, यह कदम इसलिये उठाया गया है ताकि छात्रों को असम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सेबा) के तहत नियमित शिक्षा मिल सके। मंत्री से जब पूछा गया कि क्या यह फैसला अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लिया गया है, तो उन्होंने कहा, यह चुनावी मुद्दा कैसे हो सकता है। हम केवल सरकार द्वारा संचालित मदरसों को बंद कर रहे हैं न कि निजी मदरसों को। सरमा ने कहा कि असम में सरकार द्वारा संचालित 610 मदरसे हैं, जिन पर सरकार के सालाना 260 करोड़ रुपये खर्च होते हैं।

### पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम का किया उल्लंघन


जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अग्रिम चौकियों और गांवों पर पाकिस्तान रेंजर्स ने रातभर बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंसार-मनयारी क्षेत्र में शुक्रवार की रात लगभग नौ बजकर 15 मिनट पर गोलीबारी शुरू हुई और यह रातभर चली, जिस वजह से स्थानीय लोगों को भूमिगत बंकरों में शरण लेनी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि आईबी की सुरक्षा में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। भारत की ओर किसी के हताहत होने के बारे में कोई सूचना नहीं है। हालांकि उन्होंने बताया कि हज्जाम की एक दुकान को कुछ नुकसान पहुंचा है। दोनों पक्षों के बीच सीमा पार गोलीबारी सुबह लगभग पांच बजकर 55 मिनट पर बंद हुई। अधिकारियों ने बताया कि मनयारी गांव का रहने वाला 48 वर्षीय एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हुआ है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष छह अक्टूबर तक नियंत्रण रेखा (एलओसी) और आईबी के पास पाकिस्तान 3,589 बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर चुका है जबकि 2019 में यह संख्या 3,168 थी।

### फिरोजाबाद में भाजपा नेता की हत्या मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया

फिरोजाबाद। जनपद की तहसील टूंडला के थाना नारखी के नगला बीच चौराहे पर एक भाजपा नेता की कथित हत्या के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सचिंद्र पटेल ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को भाजपा नेता डीके गुप्ता की कथित हत्या के मामले में परिजनों द्वारा वीरेश तोमर व दो अन्य लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें पुलिस टीमों का गठन कर तोमर सहित दो अन्य लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पटेल ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि इन लोगों का कोई विवाद चला आ रहा था और फेसबुक पर भी इस मामले में पोस्ट डाली गई थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल सभी बिंदुओं पर गहराई से छानबीन की जा रही है और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर घटना में कार्रवाई की जाएगी। शव की अंत्येष्टि के लिए पुलिस बल की व्यवस्था की जा रही है। गौरतलब है कि शुक्रवार रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने भाजपा नेता गुप्ता की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों व भाजपा नेताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जाम लगा दिया था और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी।

### जेपी नड्डा बोले, बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस भारत को बांटो के हथकंडे पर वापस आ गई

नयी दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की बहाली करने की मांग पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि चूंकि कांग्रेस के पास सुशासन के एजेंडे पर बात करने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए बिहार चुनाव से पहले वह 'भारत को बांटो के गंदे हथकंडे' पर वापस आ गई है।



नड्डा ने यह टिप्पणी कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर की जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी जम्मू-कश्मीर के दर्जे और अधिकारों की बहाली के साथ खड़ी है तथा मोदी सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को लिया गया फैसला 'मनमाना और असंवैधानिक' था और उसे रद्द किया जाना चाहिए। नड्डा ने ट्वीट किया, '' चूंकि कांग्रेस के पास सुशासन के एजेंडे पर बात करने को कुछ नहीं है, वे बिहार चुनाव से पहले 'भारत को बांटो' के गंदे हथकंडे पर वापस आ गए हैं। श्री राहुल गांधी पाकिस्तान की प्रशंसा करते हैं और श्री चिदंबरम कहते हैं कि कांग्रेस अनुच्छेद-370 की वापसी चाहती है।

## कांग्रेस ने बिहार चुनाव को नयी दशा बनाम दुर्दशा, खुद्दारी बनाम नफरत' के बीच का चुनाव बताया

**पटना।** कांग्रेस ने बिहार में नीतीश कुमार नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि यह चुनाव 'नयी दशा बनाम दुर्दशा और खुद्दारी और तरक्की बनाम बंटवारा और नफरत' के बीच है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, '' यह चुनाव नयी दशा बनाम दुर्दशा का चुनाव है, यह चुनाव नया रास्ता और नया आसमान बनाम हिन्दू-मुसलमान का चुनाव है। यह चुनाव नए तेज़ एवं तरूणायी बनाम फ़ेल तजुर्बे की दुहाई तथा खुद्दारी और तरक्की बनाम बंटवारा और नफरत का चुनाव है। '' उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने बिहार की जनता से 'धोखा' किया है।

विपक्षी महागठबंधन के नेताओं ने शनिवार को यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में संकल्प पत्र 'बदलाव के संकल्प' को जारी किया। भाजपा पर निशाना साधते हुए सुजरेवाला ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी तीन गठबंधनों में चुनाव लड़ रही है, एक गठबंधन जदयू और भाजपा का है जो नज़र आता है जबकि एक गठबंधन भाजपा और लोजपा का है जो लोग समझते हैं। उन्होंने कहा कि एक और गठबंधन भाजपा और ओवैसी की पार्टी का है। सुरजेवाला ने कहा कि बिहार किसानों और नौजवानों का प्रदेश है और केंद्र सरकार ने सुनियोजित तरीके से खेती पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार हरित क्रांति को हराना चाहती है लेकिन किसानों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों को मिलकर इस षडयंत्र को विफल करना है।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब की श्रेणी में पहुंची, पराली जलाए जाने से बढ़ सकता है प्रदूषण


नयी दिल्ली। (एजेंसी)।



राष्ट्रीय राजधानी में वायु की गुणवत्ता शनिवार को 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई लेकिन हवा की गति ठीक होने से इसमें आंशिक सुधार होने की संभावना है। सरकारी एजेंसियों ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले आठ महीने में सबसे ज्यादा दर्ज किया गया लेकिन शुक्रवार को हवा की गति ठीक होने से प्रदूषक कण में बिखराव हुआ और वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज की गई। वहीं पराली जलाए जाने ने दिल्ली में पीएम 2.5 कण के जमा होने में 18 फीसदी का योगदान दिया है। शहर में सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 263 दर्ज किया गया। शुक्रवार को यह 239 दर्ज किया गया और बृहस्पतिवार को यह 315 दर्ज किया गया, जो कि इस साल 12 फरवरी को दर्ज किए गए आंकड़े 320 से खराब है। वायु गुणवत्ता 0 से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक' और 101 से 200 के बीच 'मध्यम' और 201 से 300 के बीच 'खराब' और 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में मानी जाती है। भारत मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि शुक्रवार को हवा की अधिकतम गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

शनिवार को इसके 12 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। हवा की गति शांत रहने और ठंडे मौसम की वजह से प्रदूषक कणो का बिखराव नहीं हो पाता है। शनिवार को हवा की गति उत्तर से उत्तर पश्चिम की ओर रहने की संभावना है, जिससे दिल्ली में वायु गुणवत्ता पर पराली जलाने का असर बढ़ सकता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली ने बताया है कि शनिवार को प्रदूषक कणों के बिखराव के लिए हवा की गति अनुकूल है। वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान (सफर) के अनुसार दिल्ली के पीएम 2.5 कणों के जमाव में पराली जलाए जाने का योगदान बृहस्पतिवार को छह फीसदी रहा और शुक्रवार को यह 18 फीसदी तक पहुंच गया। दिल्ली में वायु गुणवत्ता का गंभीर श्रेणी में पहुंच जाना एक सालाना परेशानी है और इसके लिए हवा की गति, पड़ोसी राज्यों में खेतों में आग लगाया जाना और स्थानीय प्रदूषण स्रोत जिम्मेदार हैं। दिल्ली के एक थिंक टैंक 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वारनमेंट एंड वाटर' के विश्लेषण के अनुसार दिल्ली में 18 से 39 फीसदी वायु प्रदूषण परिवहन की वजह से है। इसके बाद शहर में सड़कों की धूल 18 से 38 फीसदी तक वायु प्रदूषण में योगदान देते हैं। वहीं उद्योग भी 2 से 29 प्रतिशत और थर्मल पॉवर प्लांट (तीन से 11 फीसदी) और निर्माण से आठ फीसदी तक योगदान देता है।

## भुखमरी सूचकांक में भारत की 'गंभीर' स्थिति पर बोले राहुल, सरकार ख़ास 'मित्रों' की जेबें भरने में लगी है



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वैश्विक भूख सूचकांक में भारत के अपने कई पड़ोसी देशों से पीछे रहने को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार अपने कुछ खास मित्रों की जेबें भरने में लगी हुई है जिस कारण देश का गरीब भूखा है।

उन्होंने भूख सूचकांक से संबंधित एक ग्राफ शेयर करते हुए ट्वीट किया, '' भारत का ग़रीब भूखा है क्योंकि सरकार सिर्फ़ अपने कुछ ख़ास 'मित्रों' की जेबें भरने में लगी है।'' खबरों में कहा गया है कि वैश्विक भूख सूचकांक 2020 के मुताबिक, दुनिया भर में भारत का 94वां स्थान है जबकि इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नेपाल और बंगलादेश इसकी तुलना में कहीं बेहतर पायदान पर हैं। इंडोनेशिया 70, नेपाल 73, बांग्लादेश 75 और पाकिस्तान 88वें पायदान पर है।

## केदारनाथ में जल्द तैयार हो जाएंगी 3 नई ध्यान गुफा, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट्स, बेड समेत कई सुविधाएं मौजूद



नई दिल्ली। (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केदारनाथ की गुफा में ध्यान लगाने के एक साल बाद इन ध्यान गुफाओं में ध्यान करने के लिए साधकों की होड़ लगनी शुरु हो गई। इसे देखते हुए अब तीन नई ध्यान गुफाएं बनाई गई हैं। चार धाम यात्रा समाप्त होने से पहले नवंबर में तीन और समान गुफा उद्घाटन के लिए तैयार हैं। केदारनाथ मंदिर से लगभग 2 किमी आगे स्थित गुफाओं में एक छोटी सी खिड़की है जो मंदिर का दृश्य प्रस्तुत करती है। 28 लाख रुपये के कुल बजट में निर्मित, गुफाओं में शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट्स के साथ एक बेड और स्टोरेज स्पेस भी है। इन गुफाओं के बाहरी हिस्सों का निर्माण अक्टूबर की शुरुआत में पूरा हो गया था।

रुद्रप्रयाग की जिला मजिस्ट्रेट वंदना के अनुसार विद्युत फिटिंग अभी लंबित है, जिसे हम गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) को सौंप देंगे। हालांकि पर्यटकों को गुफाओं में रहने के अनुभव का आनंद लेने से पहले अगले साल तक का इंतजार करना होगा। जीएमवीएन के प्रबंध निदेशक आशीष चौहान ने कहा कि इस साल गुफाओं का उद्घाटन किया जाएगा, लेकिन उनकी बुकिंग लेने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि यात्रा समाप्त होने में केवल एक महीना बचा है, इसलिए बुकिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है।

जिला अधिकारी गरुड़ चट्टी को भी एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कर रहे हैं, जो 2013 की बाढ़ में तबाह हो गया था। गरुड़ चट्टी से केदारनाथ तक 5 किमी की दूरी पर निर्माण पूरा हो गया है, लेकिन अभी लोगों को मौके पर जाने के लिए प्रोत्साहित नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह कम ऑक्सीजन के साथ अधिक ऊंचाई पर है। डीएम ने कहा कि हम अगले साल के लिए उचित व्यवस्था करेंगे। गरुड़ चट्टी ही वो जगह है जहां पीएम मोदी ने एक वर्ष पहले ध्यान लगाया था।

## बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिये प्रभावी ढंग से काम कर रही कर्नाटक सरकार: येदियुरप्पा

**मैसूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में भारी बारिश और उसके बाद बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिये प्रभावी ढंग से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके तहत प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी की राज्य की अर्थव्यवस्था जल्द ही पटरी पर लौट आएगी। येदियुरप्पा ने कहा, उत्तरी कर्नाटक के कई जिले बाढ़ प्रभावित हैं और मैं वहां के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार उनके साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीती रात मुझसे बात कर हालात का जायजा लिया।उन्होंने मुझे केन्द्र की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मैसुरू में दशहरा से संबंधित दस दिवसय कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर येदियुरप्पा ने कहा कि उन्होंने उपायुक्तों के साथ बाढ़ प्रभावित जिलों के हालात की समीक्षा की और राज्य के राजस्व मंत्री आर अशोक खुद इन इलाकों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बारिश और बाढ़ संबंधी घटनाओं में जान गंवाने वालों के परिजनों और अपनी आजीविका तथा संपत्ति खोने वाले लोगों को एक हफ्ते के अंदर मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। येदियुरप्पा ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सुनिश्चित करें कि मुआवजे के बारे में कोई शिकायत न मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन 51,810 किसानों के बैंक खातों में 36.57 करोड़ रुपये उत्पादन सब्सिडी हस्तांतरित कर दी गई है, जिनकी फसल बर्बाद हो चुकी है।

## नीतीश का आरजेडी पर तीखा हमला, कहा- मौका मिलने पर साधा सिर्फ अपना हित

नबीनगर। (एजेंसी)।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए उस पर वोटों के लिये समाज को बांटने तथा मौका मिलने पर जनता के बदले सिर्फ अपना हित साधने का आरोप लगाया। नीतीश कुमार ने औरंगाबाद के नबीनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग वोटों के चक्कर में समाज को बांटने में लगे रहते हैं तथा उन्हें न तो काम का कोई अनुभव है और न ही उन्होंने कभी कोई काम किया है। उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा, ''पति-पत्नी ने 15 साल राज किया था, लेकिन उस दौरान क्या किया? '' राजद प्रमुख पर परोक्ष प्रहार करते हुए कुमार ने कहा, ''अभी तो अंदर (जेल) ही हैं, और जो काम किया है, उसके कारण ही अंदर हैं... अभी और लोग अंदर जायेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि उन लोगों ने सिर्फ अपने लिये काम किया जबकि हमारा उद्देश्य जनता की सेवा करना है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को जनादेश देने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''अब बिहार पिछड़ा नहीं रहेगा बल्कि सक्षम, आत्मनिर्भर बनेगा और आगे बढ़ेगा।''

उन्होंने राज्य को तरक्की और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिये लोगों से फिर मौका देने की अपील की। कुमार ने कहा कि राज्य के साथ केंद्र सरकार ने भी कई योजनाओं के तहत मदद की है और हर वर्ग को लाभ पहुंचाया गया और सम्मान दिलवाया है। उन्होंने इस संदर्भ में आर्थिक आधार पर आरक्षण देने के कदम का भी जिक्र किया। कुमार ने कहा कि पुरुष और महिलाएं मिल कर काम करेंगी तो विकास दोगुनी गति से होगा। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ही महिलाएं पंचायती राज में आ पाती थीं, हमने आरक्षण दिया और अब काफी संख्या में महिलाएं आगे आ रही हैं। कुमार ने कहा कि अस्पतालों की स्थिति में सुधार करते हुए हमने इलाज का बेहतर प्रबंध किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास जैसे हर क्षेत्र में काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, '' हमने अपराध को नियंत्रित किया है...समाज सुधार का काम किया और महिलाओं के कहने पर शराबबंदी की।'' उन्होंने कहा कि जो युवा कंप्यूटर पर काम करना नहीं जानते थे, उनके लिए कुशल युवा कार्यक्रम की शुरूआत की और इसमें 10 लाख युवाओं ने प्रशिक्षण लिया। कुमार ने कहा, '' हमारा निश्चय है कि हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचे। कहीं सूखा नहीं पड़ने देंगे। कृषि रोडमैप के माध्यम से काम कर ही रहे हैं, इसके साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य के लिए भी व्यवस्था करेंगे।

# मोदी सरकार कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने, देश को पोषण सुरक्षा प्रदान करने की ओर अग्रसर: अमित शाह



नयी दिल्ली। (एजेंसी)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आठ फसलों की 17 जैव संवर्धित किस्मों को राष्ट्र को समर्पित किए जाने को कृषि क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताया और कहा कि ये फसलें भारत को सुपोषित कर ''ग्रीन रेवोलुशन'' से ''एवरग्रीन रेवोलुशन'' तक ले जाएंगी। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट कर यह भी कि कहा कि मोदी सरकार कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ देश को पोषण सुरक्षा प्रदान करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, ''आज कृषि क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आठ फसलों के 17 नए बीजों की वैरायटी किसानों को समर्पित करने के लिए मैं नरेंद्र मोदी और नरेंद्र सिंह तोमर का आभार व्यक्त करता हूं। ये फसलें भारत को सुपोषित कर ग्रीन रेवोलुशन से एवरग्रीन रेवोलुशन तक ले जाएंगी।''

उन्होंने कहा कि इन नई फसलों का पोषण मूल्य तीन गुना अधिक होगा, जो एक सामान्य थाली को पोषक आहार में बदल देगी जो प्रोटीन, कैल्शियम व आयरन जैसे जरूरी पोषण से भरपूर होगा। शाह ने कहा, ''सही पोषण देश के हर व्यक्ति का अधिकार है जिसके लिए मोदी सरकार दिन-रात प्रयासरत है। प्रधानमंत्री मोदी के इस दूरदर्शी निर्णयों से न सिर्फ गरीब से गरीब व्यक्ति तक सही पोषण पहुंचेगा बल्कि इससे हमारे किसानों की आय भी बढ़ेगी।''

प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान,हाल ही में विकसित की गई आठ फसलों की 17 जैव संवर्धित किस्मों को भी राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कुपोषण के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और कृषि के क्षेत्र में किए गए सुधारों को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी और कहा कि देश में निरंतर ऐसे सुधार किए जा रहे हैं जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं।

### विशाल चुनौतियां वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार की शाम को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये विशाल चुनौतियां वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि विशाल चुनौतियां वार्षिक सम्मेलन पिछले 15 साल से स्वास्थ्य एवं विकास की राह में आने वाली बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिये अंतरराष्ट्रीय नवाचार सहयोग को बढ़ावा देता रहा है। बयान में कहा गया है कि इस साल यह सम्मेनल 19 से 21 अक्टूबर के बीच डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जाएगा, जिसमें नीति निर्माता और विज्ञान से जुड़े अग्रणी लोग हिस्सा लेंगे। बयान के अनुसार, सम्मेलन में कोविड-19 समेत स्वास्थ्य संबंधी वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिये वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में 42 देशों के करीब 1,600 लोग हिस्सा लेंगे।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# भूमाफिया जयेश पटेल समेत 14 के खिलाफ गुजसीटोक के तहत केस दर्ज

जामनगर के कुख्यात भूमाफिया जयेश पटेल समेत 14 लोगों के खिलाफ गुजरात आतं. कवाद व संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (गुजसीटोक) के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तारियां शुरू कर दी हैद्य जामनगर के नामी बिल्डर निलेश टोलिया और भाजपा के नगर पार्षद अतुल भंडेरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुजसीटोक के तहत जामनगर में पहला और राज्य में पांचवां केस दर्ज किया गया है। जयेश पटेल के गिरोह के खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हैंद्य जिसमें अपहरण, हत्या की कोशिश, हत्या, जमीन हड़पने समेत गंभीर मामले शामिल हैं। राज्यसभा सांसद परिमल नथवाण ी की शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस ने जयेश पटेल गिरोह के शख्सों को एक बाद एक गिरफ्तार कर रही है। जयेश पटेल और उसके गिरोह के आतंक को खत्म करने के लिए गृह विभाग ने अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के डीसीपी दीपेन भद्रन को जामनगर का एसीपी बनाया है। दीपेन भद्रन ने बतौर एसपी कार्यभार संभालते जयेश पटेल के एक के बाद एक साथियों की एटीएस और पुलिस गिरफ्तार कर रही है।



जयेश पटेल गिरोह के रजाक सुपारी नामक शख्स को अहमद. ाबाद के बोपल से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

रजाक सुपारी के खिलाफ जामनगर में अपहरण, फिरौती और हत्या के प्रयास समेत 7 मामले दर्ज हैं।

बीते दिन एटीएस ने अनवर अब्दुल गढकाई उर्फ अनिया लांबा और एजाज के मामा अनवर सफिया उर्फ एजाज को गिरफ्तार किया था।


इन दोनों कुख्यात शख्सों के खिलाफ भी मारपीट, फायरिंग, जमीन हड़पने समेत दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

## 12 वर्षीय मूक–बधिर किशोरी की गला रेतकर हत्या

बनासकांठा दांतीवाडा के भाखर गांव के पर्वतीय क्षेत्र में एक मूक–बधिर किशोरी का हत्या किया शव मिलने से सनसनी फैल गई।

पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की हैद्य बनासकांठा जिले की दांतीवाडा तहसील के भाखर गांव निवासी परिवार की 12 वर्षीय मूक–बधिर पुत्री कल लापता हो गई थी।

देर रात तक उसकी खोजबीन की गई, परंतु उसकी कोई खैर खबर नहीं मिली।



सुबह भाखर गांव के पर्वतीय क्षेत्र में किशोरी का गला रेत हत्या किया हुआ शव बरामद होने पर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बेटी का शव देख परिवार कल्पांत करने लगा।

खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू की है।

## डांग से कांग्रेस के पूर्व विधायक मंगल गावित भाजपा में शामिल होंगे

डांग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस वोटरों को अपने पक्ष में करने राजनीतिक दांव चला है।

डांग से कांग्रेस के पूर्व विधायक मंगल गावित को पार्टी में शामिल करने की भाजपा ने रणनीति बनाई है।




राज्यसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से इस्तीफा देनेवाले मंगल गावित फिलहाल किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े नहीं हैं। उपचुनाव के लिए डांग सीट से मंगल गावित ने भाजपा से टिकट मांगी थी।

लेकिन भाजपा ने डांग सीट से विजय पटेल को उम्मीदवार बनाया है।

ऐसे में कांग्रेस के मतदाताओं को रिझाने के लिए भाजपा ने मंगल गावित को पार्टी में लाने का तख्ता तैयार कर लिया हैद्य डांग के आहवा में होनेवाले कार्यक्रम में भाजपा नेता ईश्वर परमार और राज्य सरकार के मंत्री गणपत वसावा की उपस्थिति में मंगल गावित भाजपा का भगवा धारण करेंगे।

मंगल गावित के भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस के परंपरागत वोटों को अपने पाले में करने में भाजपा कितनी सफल होती है, यह आनेवाला वक्त ही बताएगा।

## पहली नवरात्रि पर पूजा करने जा रहे पिता–पुत्र को मौत निगल गई

**क्रांति समय समाचार**

राजकोट जिले के गोंडल में गुंदाला सर्कल के निकट कार दुर्घटना में पिता–पुत्र की मौत हो गई। पहली नवरात्रि पर पूजा–अर्चना करने घर से निकले पिता–पुत्र की एक साथ मौत से परिवार शोक में डूब गया। जानकारी के मुताबिक राजकोट जिले की उपलेटा तहसील के मोटी पानेली गांव निवासी 28 वर्षीय कश्यप राजभाई ठाकर और 55 वर्षीय राजभाई कांतिभाई ठाकर नवरात्रि के पहले दिन अपनी कार में पूजा अर्चना करने घर से निकले थे। गोंडल में गुंदाला सर्कल के निकट किसी अज्ञात वाहन कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पिता–पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाही शुरू की। मृतकों की कार से फूल–माला समेत पूजा की सामग्री बरामद हुई है।

## चाकू की नोक पर विवाहिता का अपहरण कर दो शख्सों ने किया दुष्कर्म

**क्रांति समय समाचार**

जामनगर के हरिपर गांव के निकट पति के सामने दो शख्सों ने विवाहिता का अपहरण कर लिया और बाद में उसके साथ दुष्कर्म कियाद्य पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जामनगर जिले के ध्रोल निवासी और बतौर नर्स सेवारत विवाहिता बीते दिन अपने पति के साथ हरिपर गांव के निकट स्थित मेलडी माता के मंदिर में दर्शन करने गई थी।

मेलडी माता के दर्शन करने के बाद दोपहर ढाई बजे दंपत्ति गोरडिया हनुमान मंदिर जा रहा था। उस वक्त बाइक पर आए कादर उर्फ ओढियो डखेर और अझरुद्दीन उर्फ अजुडो जुणेजा दंपत्ति को धमकाने लगे

## भ्रष्टाचार के खिलाफ़ जंग



## तापी के शिक्षा अधिकारी बी.एम.पटेल को एसीबी ने गिरफ्तार किया, स्कूल को दिए गए नोटिस को वापस लेने के लिए

## सात महीने बाद अहमदाबाद–मुंबई के बीच दौड़ी तेजस एक्सप्रेस

अहमदाबाद कोरालकाल के चलते सात महीनों से बंद तेजस एक्सप्रेस आज पटरी पर लौट आईद्य तेजस एक्सप्रेस के पुनः शुरू होने से यात्रियों की बड़ी राहत मिलेगीद्य ट्रेन संख्या 82902 तेजस एक्सप्रेस शनिवार की सुबह 6.40 बजे अहमदाबाद से मुंबई के लिए रवाना हुई वापसी में ट्रेन संख्या 92901 मुंबई सेंट्रल से 3.35 बजे चलकर रात 9.55 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

आरआरसीटीसी के सहायक प्रबंधक एमएच खान के मुताबिक ट्रेन में दो यात्रियों के बीच एक सीट खाली रहेगी। ट्रेन अपनी क्षमता से आधे यात्रियों ले जाएगी। तेजस ट्रेन को खास तौर पर अंधेरी रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। तेजस एक्सप्रेस के प्रत्येक यात्रियों को अपने मोबाइल में आरोग्यसेतु एप डाउनलोड करना अनिवार्य होगा।

प्रत्येक कोच को ट्रेन के आगमन और प्रस्थान के दौरान सैनिटाइज किया जाएगा और प्रत्येक कोच में कोरोना गार्ड हा. `गाद्य यात्रियों का थर्मल स्क्रीनिंग किया जाएगा और सभी यात्रियों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि ट्रेन में यात्रियों को चाय–नाश्ता और भोजन मिल. `गा।लेकिन कोविड 19 के नियमों के मुताबिक ठंडी चीजवस्तुएं नहीं दी जाएंगी। तेजस एक्सप्रेस के प्रत्येक यात्री को ट्रेन में मास्क और सैनिटाइजर की किट मुफ्त में दी जाएगी।





सुरत पांडेसरा के गधानगर में पिन्टु नामक युवक की चाकू से दो सागे भाईयों ने किया हत्या

## अहमदाबाद – यशवंतपुर स्पेशल तथा 5 जोड़ी और फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन अहमदाबाद होकर चलाई जाएंगी

अहमदाबाद आगामी दशहरे एवं दिपावली त्योहारों के दौरान पश्चिमी रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद से यशवंतपुर तथा इसके अतिरिक्त 5 जोड़ी और स्पेशल ट्रेन अहमदाबाद होकर गुजरेगी। इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैद्य

1. ट्रेन संख्या 06501/ 06502 अहमदाबाद – यशवंतपुर – अहमद. ाबाद स्पेशल (सप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 06501 अहमदाबाद यशवंतपुर स्पेशल 27 अक्टूबर से 1 दिसंबर 2020 तक प्रति मंगलवार अहमदाबाद से 18:40 बजे चलकर तीसरे दिन 04:45 बजे यशवंतपुर पह. ुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06502 यशवंतपुर – अहमदाबाद स्पेशल 25 अक्टूबर से 29 नवंबर 2020 तक प्रति रविवार 13:30 बजे यशवंतपुर से चलकर तीसरे दिन 02:20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। मार्ग में पश्चिम रेलवे पर दोनों दिशाओं में यह ट्रेन आणंद, वड़ोदरा अंकलेश्वर, सूरत एवं नंदुरबार स्टेशनों पर ठहरेंगी।

2. ट्रेन नंबर 06505/ 06506 गांधीधाम – केएसआर बेंगलुरू – गांधीधाम स्पेशल (साप्ताहिक )

ट्रेन संख्या 06505 गांधीधाम – केएसआर बेंगलुरु 27 अक्टूबर से 1 दिसंबर 2020 तक प्रति मंगलवार 09:15 बजे गांधीधाम से चलकर तीसरे दिन 03:00 बजे केएसआर बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06506 केएसआर बेंगलुरू – गांधीधाम स्पेशल 24 अक्टूबर से 28 नवंबर 2020 तक प्रति शनिवार 21:50 बजे केएसआर बेंगलुरु से चलकर तीसरे दिन 12:30 बजे गांध ीधाम पहुंचेगी। मार्ग में पश्चिम रेलवे पर दोनों दिशाओं में यह ट्रेन सामाखियाली, धांगध्रा, विरमगाम, अहमदाबाद, नडियाद, वड़ोदरा, अंकलेश्वर, सूरत तथा वसई रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

3.ट्रेन संख्या 06507/ 06508 जोधपुर – केएसआर बेंगलुरु – जोध ापुर स्पेशल (द्वि साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 06507 जोधपुर – केएसआर बेंगलुरु स्पेशल 24 अक्टूबर से 3 दिसंबर 2020 तक प्रत्येक गुरुवार और शनिवार प्रातः 05:15 बजे जोधपुर से चलकर तीसरे दिन 03:00 बजे केएसआर बेंगलुरु पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06508 केएसआर बेंगलुरु – जोधपुर 21 अक्टूबर से 30 नवंबर 2020 तक प्रति सोमवार एवं बुध ावार 21:50 बजे केएसआर बंगलुरू से चलकर तीसरे दिन 16:50 बजे जोधपुर पहुंचेगी। मार्ग में पश्चिम रेलवे पर दोनों दिशाओं में यह ट्रेन पालनपुर, अहमदाबाद, वड़ोदरा, सूरत, वलसाड, वापी तथा वसई रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

4. ट्रेन संख्या 06209/ 06210 अजमेर –मैसूर – अजमेर – स्पेशल (द्वि सप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 06209 अजमेर – मैसूर स्पेशल 23 अक्टूबर से 29 नवंबर 2020 तक प्रति शुक्रवार एवं रविवार को 05:30 बजे अजमेर से चलकर तीसरे दिन 06:00 बजे मैसूर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06210 मैसूर – अजमेर स्पेशल 20 अक्टूबर से 26 नवंबर 2020 तक प्रति मंगलवार एवं गुरुवार 18:35 बजे मैसूर से चलकर तीसरे दिन 17:30 बजे अजमेर पहुंचेगी। मार्ग में यह ट्रेन पश्चिम रेलवे पर दोनों दिशाओं में पालनपुर, अहमदाबाद, नडियाद, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, वलसाड, वापी तथा वसई रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

5. ट्रेन संख्या 08502 /08501 गांधीधाम – विशाखापट्टनम – गांधीधाम (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 08502 गांधीधाम – विशाखापट्टनम स्पेशल 25 अक्टूबर से 29 नवंबर 2020 तक प्रत्येक रविवार 22:45 बजे गांधीधाम से चलकर तीसरे दिन 14:35 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी वापसी में ट्रेन संख्या 08501 विशाखापट्टनम – गांधीधाम 22 अक्टूबर से 26 नवंबर 2020 तक प्रत्येक गुरुवार 17:35 बजे विशाखापट्टनम से चलकर तीसरे दिन 09:00 बजे गांधीधाम पहुंचेगी। मार्ग में यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भचाऊ, सामाखियाली, विरमगाम, अहमदाबाद, आणंद , वडोदरा, अंकलेश्वर, सूरत, नंदूरबार, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला जंक्शन, बडनेरा, वर्धा, चंद्रपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामागुंडम, वारंगल, विजयवाड़ा, एल्लुरू तथा दुव्वाडा स्टेशनों पर रुकेगी।

6. ट्रेन संख्या 05046 /05045 ओखा दृ गोरखपुर –ओखा मेल एक्सप्रेस (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 05046 ओखा दृ गोरखपुर मेल एक्सप्रेस 25 अक्टूबर से 29 नवंबर 2020 तक प्रत्येक रविवार 21:00 बजे ओखा से चलकर तीसरे दिन 19:25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी वापसी में ट्रेन संख्या 05045 गोरखपुर ओखा मेल एक्सप्रेस 22 अक्टूबर से 26 नवंबर 2020 तक प्रत्येक गुरुवार 04:45 बजे गोरखपुर से चलकर तीसरे दिन 03:55 बजे ओखा पहुंचेगी। मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, बादशाह नगर, कानपुर सेंट्रल, इटावा, टूंडला, राजा की मंडी, आगरा कैंट, धौलपुर, मुरैना, ग्वालियर, झांसी, बीना, अशोकनगर, गुना, रूठियाई, ब्यावरा राजगढ़, शाजापुर, मक्सी, उज्जैन, नागदा, रतलाम, गोधरा, छायापुरी, आणंद, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, जामनगर तथा द्वारका स्टेशनों पर रुकेगी

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत
गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)